

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 344

ग्वालियर, शनिवार 03 सितम्बर 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान- हेरात प्रांत की गुजरगाह मस्जिद में बड़ा बम धमाका, मौलवी की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान राज के बाद हालात बद से बदतर हो गए है। यहां के हेरात प्रांत की गुजरगाह मस्जिद में बम विस्फोट हुआ है और मस्जिद के इमाम मौलवी मुजीब रहमान अंसारी की मौत हो गई है। स्थानीय सूत्रों के हवाले से टोलो न्यूज ने ये खबर दी है। जबकि अभी तक इस बारे में तालिबान की सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हेरात में गुजरगाह मस्जिद के अंदर एक विस्फोट में मारे गए मौलवी मुजीब अंसारी को इस्लाम का एक बड़ा विद्वान और धार्मिक नेता माना जाता है। अंसारी तालिबान से जुड़े प्रमुख धार्मिक नेताओं में से एक थे। मौलवी मुजीब रहमान अंसारी को तालिबान का करीबी और एक कट्टरपंथी मौलवी माना जाता था। सोशल मीडिया पर धमाके के बाद के कुछ वीडियो डाले गए हैं। जिनसे साफ है कि हेरात में गुजरगाह मस्जिद में विस्फोट के बाद काफी बड़े पैमाने पर तबाही हुई है। इस विस्फोट में हताहतों की संख्या बहुत अधिक है।

### म्यांमार की अपदस्थ नेता आंग सान सू की को 3 साल की सजा, चुनावी धोखाधड़ी मामले में दोषी करार

**नैपीताव।** म्यांमार के एक न्यायालय ने शुक्रवार को अपदस्थ नेता आंग सान सू की को चुनाव में धोखाधड़ी करने के मामले में दोषी करार दिया। इस मामले में अदालत ने उन्हें तीन साल जेल की कड़ी सजा सुनाई। सू की को फरवरी 2021 में तख्तापलट के बाद से हिरासत में लिया गया था और उन्हें पहले ही भ्रष्टाचार और उकसावे सहित कई अपराधों के लिए दोषी ठहराया जा चुका है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस फैसले से सू की की नेशनल लीग फार डेमोक्रेसी पार्टी के अस्तित्व पर भी खतरा है। क्योंकि सरकार ने नए चुनाव से पहले इसे भंग करने की बात कही थी। सेना ने 2023 में चुनाव कराने का वादा किया है। सू की की पार्टी ने 2020 के आम चुनाव में भारी जीत हासिल की, लेकिन म्यांमार की सेना ने 1 फरवरी, 2021 को सू की की चुनी हुई सरकार से सत्ता हथिया ली, यह कहते हुए कि उसने कथित तौर पर चुनाव में धोखाधड़ी की है। इसके साथ ही सू की की पूर्व सरकार के दो वरिष्ठ सदस्यों को भी तीन साल की जेल की सजा मिली है। इससे पहले म्यांमार की एक अदालत ने सू की को भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी ठहराया था और कुल 17 साल की सजा सुनाई थी।

### अर्जेंटीना में सांस की रहस्यमय बीमारी का कहर, 1 हफ्ते में 3 की मौत

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि देश में इस सप्ताह अज्ञात मूल के निमोनिया से एक तीसरे व्यक्ति की मौत हो गई है। सूत्रों के मुताबिक टुकुमन के स्वास्थ्य मंत्री लुइस मदीना रुइज़ ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी तुकुमान प्रांत में नौ लोग सांस की रहस्यमय बीमारी से पीड़ित हैं, जिसमें एक निजी क्लिनिक के आठ चिकित्सा कर्मचारी भी शामिल हैं। इससे पहले दो स्वास्थ्य कर्मियों की मौत हुई थी और अब क्लिनिक में एक मरीज ने भी दम तोड़ दिया है। अधिकारी बीमारी के स्वरूप पर परीक्षण कर रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोविड -19, फ्लू, इन्फ्लूएंजा- ए और बी, लेगियोनेला वायरस, और हंटा वायरस की आशंकाओं को चिकित्सकों ने पहले ही खारिज कर दिया है। मरीजों के लक्षणों में उल्टी, तेज बुखार, दस्त और शरीर में दर्द शामिल है। इलाज करा रहे छह लोगों में से चार की हालत गंभीर है जबकि दो अस्पताल में हैं तो दो होम आइसोलेशन में हैं। बीमारी फैलने के बाद क्लिनिक के अन्य सभी कर्मचारियों पर नजर रखी जा रही है। फिलहाल विशेषज्ञ संभावित कंटैमिनेशन या प्वॉइजनिंग के लिए पानी और एयर कंडीशनर का विश्लेषण कर रहे हैं। प्रांतीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि प्रकोप एक संक्रामक एजेंट से आ सकता है, लेकिन जांचकर्ता प्वॉइजनिंग या पर्यावरणीय कारणों को भी जांच रहे हैं। फिलहाल, इस क्लिनिक के बाहर से कोई मामला सामने नहीं आया है।

### मुंबई में 4 करोड़ के गांजे के साथ शख्स गिरफ्तार

**मुंबई)।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने मुंबई से करीब 75 किलोमीटर दूर खोपोली में 4 करोड़ रूपये मूल्य के गांजे के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया है. बताया गया है कि इस गांजे को मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में ले जाया जा रहा था. प्राप्त जानकारी के अनुसार, एनसीबी-मुंबई ने इस कार्रवाई के दौरान जो 210 किलो गांजा जब्त किया है उसकी कीमत 4 करोड़ रुपये बताई गई है. इसी के साथ एनसीबी ने गांजे की सप्लाई में इस्तेमाल किए जाने वाले एक वाहन को भी जब्त किया. एनसीबी ने इस पूरे मामले में एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है. आरोपी प्राथमिक तौर पर मुंबई का रहने वाला है और पिछले कुछ सालों से मुंबई के विभिन्न हिस्सों खासकर गोवंडी, मानखुर्द और अन्य स्थानीय इलाकों में गांजा और अन्य नशीली दवाओं की आपूर्ति कर रहा था।

## आतंकियों ने गैर कश्मीरी नागरिक पर किया हमला, गोलीबारी में घायल

**श्रीनगर।** कश्मीर में गैर कश्मीरी अभी भी आतंकवादियों के निशाने पर पर हैं। शुक्रवार सुबह दक्षिण कश्मीर के जिला पुलवामा के उगरगुंड इलाके में सुरक्षाबलों ने टारगेट किलिंग का प्रयास करते हुए पश्चिम बंगाल के एक नागरिक पर गोलीबारी की। आतंकी हमले में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को पुलवामा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि उगरगुंड इलाके में काफी समय से रह रहे पश्चिम बंगाल के निवासी मुनीब उल रहमान पुत्र अब्दुल काबे जब काम के लिए घर से निकला तो अचानक से आतंकवादियों ने उस पर हमला कर दिया। कुछ संदिग्ध बंदूकधारी उसके सामने आए और उस पर गोलीबारी करते हुए वहां से फरार हो गए। इससे पहले कि आसपास रहने वाले लोग कुछ कर पाते आतंकवादी वहां से निकल भागे। घायल मुनीब वहीं सड़क पर गिर गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और



घायल को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। इस बीच पुलिस व सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। घायल मुनीब का इलाज अस्पताल में चल रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि फिलहाल घायल की हालत गंभीर बनी हुई है। आपको जानकारी हो कि कश्मीर में आतंकवादी अब तक 26 लोगों की टारगेट किलिंग कर चुके हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादी कश्मीर में दहशत पैदा करने के लिए बाहरी प्रदेशों के नागरिक को निशाना बना रहे हैं। कश्मीर को आतंकवाद मुक्त बनाने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस व अन्य सुरक्षाबल पूरा प्रयास कर रहे हैं। एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने गत वीरवार को पत्रकारों को इस बात की जानकारी दी थी कि इन आठ महीनों में 140 आतंकवादियों को कश्मीर में विभिन्न मुठभेड़ों में मार गिराया गया। इनमें 36 आतंकवादी विदेशी थी। वहीं पुलिस का कहना है कि पश्चिम बंगाल के नागरिक मुनीब पर हमला करने वाले आतंकवादियों को जल्द ढूंढ निकाला जाएगा। जिस जगह हमला किया गया है, उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है। हमलावरों की पहचान होते ही उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

## पाकिस्तान में बाढ़ का प्रकोप, लगा 'शिक्षा आपातकाल', 20 लाख बच्चे छोड़ सकते हैं स्कूल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान भारी बारिश की प्राकृतिक आपदा ने देश को तहस-नहस कर दिया है। देश के 110 जिले बाढ़ में डूब गए है, जिसके चलते बच्चों की स्कूली शिक्षा भी रुक गई है। सिंध के शिक्षा और संस्कृति मंत्री सैयद सरदार अली शाह ने प्रांत में शिक्षा आपातकाल की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा है कि प्रांत में 20 लाख से अधिक बच्चे ड्रॉपआउट कर सकते हैं। खबरों के मुताबिक शिक्षा मंत्री सैयद सरदार अली शाह ने कहा है कि बाढ़ से बड़े पैमाने पर हुए विनाश में स्कूल पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं, जिस वजह से 20 लाख से अधिक बच्चे स्कूल छोड़ सकते हैं। उपायुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल कोष और विभिन्न कल्याण संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में सरदार ने कहा कि नुकसान से निपटने के लिए प्रांत में शिक्षा आपातकाल लगाया गया है। उन्होंने कहा कि चल रही राहत गतिविधियों के अलावा, शिक्षा को बचाने और यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि अपेक्षित ड्रॉपआउट न हो। शिक्षा मंत्री ने इस तबाही के बीच कहा कि सिंध प्रांत में शिक्षा विभाग बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में टेंट स्कूल स्थापित करने की योजना बना रही है ताकि बच्चो के ड्रॉपआउट होने का चांस न रहे और वह इस आपदा में भी अपनी शिक्षा पूरी कर सके। उन्होंने आगे कहा, यदि बेघर बच्चों को उनके अस्थायी शिविरों में सीखने का माहौल नहीं दिया जाता है।

### समुद्री इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा जहाज, लागत 20,000 करोड़ रुपये

## पहला स्वदेशी आईएनएस विक्रांत पीएम मोदी ने देश को समर्पित किया, नौसेना को मिला नया फ्लैग

**कोच्चि।** भारतीय नौसेना की सामरिक शक्ति में इजाफा करने के लिए को दूसरा स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर (आईएसी) मिल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शुक्रवार की सुबह कोच्चि के कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में आईएनएस विक्रांत को इसे देशसेवा में समर्पित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि %केरल के समुद्री तट पर पूरा भारत एक नए भविष्य के सूर्योदय का साक्षी बन रहा है। आईएनएस विक्रांत पर हो रहा यह आयोजन, विश्व क्षितिज पर भारत के बुलंद होते हौसलों की हुंकार है। यह बस पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर ही नहीं, समंदर पर तैरता किला है। आईएनएस विक्रांत का डिजाइन और निर्माण, सब कुछ भारत में ही किया गया है। पीएम मोदी ने नौसेना के नए निशान का भी अनावरण किया जो ब्रिटिश राज की परछाई से दूर है। इसमें बायीं ओर ऊपर की तरफ राष्ट्रध्वज और दायीं तरफ अशोक स्तंभ और उसके नीचे लंगर है।

मोदी ने आईएनएस विक्रांत की खासियतें बताते हुए कहा कि %यह युद्धपोत से ज्यादा तैरता हुआ एयरफील्ड है, यह तैरता हुआ शहर है। इसमें जितनी बिजली पैदा होती है उससे 5,000 घरों




को रोशन किया जा सकता है। इसका फ्लाइंग डेक भी दो फुटबॉल फील्ड से बड़ा है। इसमें जितने तार इस्तेमाल हुए हैं वह कोचीन से काशी तक पहुंच सकते हैं। पीएम ने कोच्चि में कहा, छत्रपति वीर शिवाजी महाराज ने इस समुद्री सामर्थ्य के दम पर ऐसी नौसेना का निर्माण किया, जो दुश्मनों की नींद उड़ाकर रखती थी। जब अंग्रेज भारत आए, तो वो भारतीय जहाजों और उनके जरिए होने वाले व्यापार की ताकत से घबराए रहते थे। इसलिए उन्होंने भारत के समुद्री सामर्थ्य की कमर तोड़ने का फैसला लिया। इतिहास गवाह है कि कैसे उस समय ब्रिटिश संसद में कानून बनाकर भारतीय जहाजों और व्यापारियों पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए गए। पीएम मोदी ने कहा विक्रांत जब हमारे समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा के लिए उतरेगा, तो उस पर नौसेना की अनेक महिला सैनिक भी तैनात रहेंगी। समंदर की अथाह शक्ति के साथ असीम महिला शक्ति, ये नए भारत की बुलंद पहचान बन रही है। अब इंडियन नेवी ने अपनी सभी शाखाओं को महिलाओं के लिए खोलने का फैसला किया है। जो पाबंदियों थीं वो अब हट रही हैं। जैसे समर्थ लहरों के लिए कोई दायरे नहीं होते, वैसे ही भारत की बेटियों के लिए भी अब कोई दायरे या बंधन नहीं होंगे।

मोदी ने भारतीय नौसेना के नए ध्वज का भी अनावरण किया। पीएम ने कहा, %आज भारत ने, गुलामी के एक निशान, गुलामी के एक बोझ को अपने सीने से उतार दिया है। आज से भारतीय नौसेना को एक नया ध्वज मिला है। अब तक भारतीय नौसेना के ध्वज पर गुलामी की पहचान बनी हुई थी। लेकिन अब आज से छत्रपति शिवाजी से प्रेरित, नौसेना का नया ध्वज समंदर और आसमान में लहराएगा। आईएनएस विक्रांत के हर भाग की अपनी एक खूबी है, एक ताकत है, अपनी एक विकासयात्रा भी है। ये स्वदेशी सामर्थ्य, स्वदेशी संसाधन और स्वदेशी कौशल का प्रतीक है। इसके एयरबेस में जो स्टील लगी है, वो स्टील भी स्वदेशी है। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आप सभी नौसेना की परंपराओं से अवगत हैं, 'ओल्ड शिप्स नेवर डाई'। 1971 के युद्ध में अपनी शानदार भूमिका निभाने वाले विक्रांत का यह नया अवतार, अमृत-काल की उपलब्धि के साथ-साथ हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और बहादुर फौजियों को भी एक विनम्र श्रद्धांजलि है।

### एनआईए ने जेल में बंद नक्सली के ठिकानों पर की छापामार कार्रवाई

**पटना।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नक्सली गतिविधियों से जुड़े मामलों बिहार में माओवादी सेंट्रल कमेटी के सदस्य विजय आर्य के कई ठिकानों पर एक साथ




छापामार कार्रवाई की है। एनआईए ने विजय आर्य की जिला पार्षद बेटी और पेशे से इंजीनियर बेटे के आवास पर भी छापा मारा है। प्रदेश की राजधानी पटना, गया और औरंगाबाद में छापे मारे हैं। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए ने तड़के सुबह ही छापा मारने की कार्रवाई शुरू कर दी। इससे हड़कंप मच गया। हालांकि, छापे की कार्रवाई पर कोई भी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। माओवादी सेंट्रल कमेटी के मेंबर विजय आर्य फिलहाल पटना के बेउर जेल में बंद हैं। सूत्रों की मानें तो एनआईए ने नक्सली गतिविधियों से जुड़े मामलों को लेकर यह छापेमारी की है। बेउर जेल में बंद विजय आर्य के गया जिले में स्थित करमा के पैतृक आवास और पटना के एजी कॉलोनी में एनआईए टीम ने छापेमारी की है।



## मोदी सरकार ने किसानों के खातें में सीधे पैसे भेज रही : जेपी नड्डा

**गुरुग्राम।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे कामों का जिक्र कर दावा किया कि केंद्र ने गरीब कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। अपने संबोधन में भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा किसानों की भूमि है। हरियाणा जवानों की भूमि है। हरियाणा खिलाड़ियों की भूमि है। हरियाणा पहलवानों की भूमि है। हरियाणा, भारत की रक्षा करने वाली पवित्र भूमि भी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, मनोहर लाल के द्वारा किए गए कार्यों के माध्यम से देश और प्रदेश की राजनीतिक संस्कृति बदल दी है। भाजपा से पहले जाति और समुदाय के नाम पर वोट मांगते थे, समाज को बांटते थे। आज भाजपा के विकास कार्यों पर जनता अपनी मोहर लगा रही है। नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों के खातें में सीधे पैसे भेजे हैं। उन्होंने दावा किया कि इस देश में पोलियो की दवाई को 2 साल, टीबी की दवाई को 30 साल, चिकनपॉक्स की दवाई को 35 साल, जापानी बुखार की दवाई को आने में 100 साल लगे। ऐसी हमारी स्थिति थी। लेकिन पीएम मोदी ने 9 माह में 2 करोना की दवाई देश को दी। जिस बात को भारत पहले से बोलता था कि हमारे स्वास्थ्य के लिए मोटा अनाज जरूरी है, तब लोग हंसते थे। मगर इसी बात को हम लोगों ने जब दुनिया के मंच से कहा, तब संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2023 को बाजरा का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित कर दिया है और इस पर विश्व के 72 देशों ने भारत का समर्थन दिया है।

### 5 से 8 सितंबर तक भारत दौरे पर रहेंगी

## हजरत निजामुद्दीन दरगाह जाकर इबादत करेंगी बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना

**नई दिल्ली।** बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना 5 से 8 सितंबर तक भारत दौरे पर रहेंगी। सोमवार को भारत पहुंचने पर सबसे पहले शेख हसीना हजरत निजामुद्दीन दरगाह जाकर इबादत करेंगी। बता दें कि पीएम का निजामुद्दीन दरगाह से बहुत पुराना संबंध है। 15 अगस्त, 1975 को वर्तमान बांग्लादेशी प्रधानमंत्री के पिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान और उनके परिवार की हत्या के बाद शेख हसीना और उनकी बहन को भारत में शरण मिली थी।

साल 1975 से 1981 तक शेख हसीना और उनकी बहन दिल्ली में रहती थे। उनकी पहचान भी छुपाई गई थी। भारत में उन्हें तालुकदार के नाम से पहचान दी गई थी। अपने पिता और परिवार की मौत से हताश और दुखी शेख हसीना को आगे की राह नहीं सूझ रही थी। उन दिनों वह



हजरत निजामुद्दीन दरगाह में अक्सर जाया करती थीं। साल 1981 में एक बार जब शेख हसीना और उनकी बहन शेख रेहाना निजामुद्दीन दरगाह गए, तब उनके पास एक खादिम आए और कहा कि वह उन्हें कुछ दिखाना चाहते हैं। थोड़ी देर में खादिम ने हसीना बहनों के सामने रजिस्टर रखा, जिसमें उनके पिता शेख मुजीबुर्रहमान के निजामुद्दीन दरगाह जाने का जिक्र था। शेख हसीना ने पाया कि उनके पिता 9 अप्रैल, 1946 को हजरत निजामुद्दीन दरगाह पर गए थे, और उस दिन 9 अप्रैल, 1981 की तारीख थी, जब शेख हसीना निजामुद्दीन गई थीं। उस पल ने शेख हसीना के मन में साहस जगाया और उन्हें एहसास हुआ कि उन्हें वापस बांग्लादेश जाकर अपने लोगों के लिए कुछ करना चाहिए। साथ ही उन्होंने अपने पिता और परिवार के हत्यारों को सजा दिलाने की भी ठान ली। इसके पहले आखिरी बार 1997 में शेख हसीना ने निजामुद्दीन दरगाह में इबादत की थी। लेकिन बतौर प्रधानमंत्री वह पहली बार निजामुद्दीन दरगाह आएगी। दरगाह के गद्दी नशीन सैयद फरीद अहमद निजामी ने कहा कि बहुत से देशों के राष्ट्राध्यक्ष हजरत निजामुद्दीन दरगाह पर आ चुके हैं। इस दरगाह पर मन्नते और मुरादे पूरी होती हैं। निजामी ने कहा कि कुछ रूहानी कशिश है, जो उन्हें खींचकर इस फकीर की दरगाह पर ले आती है।

### तेलंगाना में निर्मला सीतारमण का काफिला रोकने की कोशिश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तेलंगाना दौरे पर हैं। उनकी यात्रा के दौरान कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं आपस में भिड़ गए। इस दौरान पुलिस ने बिगड़ती स्थिति को काबू करने की कोशिश की। खबर है कि केंद्रीय मंत्री भाजपा की लोकसभा प्रवास योजना के तहत जहीराबाद क्षेत्र का दौरा कर रही हैं। शुक्रवार को कामारेड्डी जिले में जाने वाली थीं। जब यूथ कांग्रेस समेत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीतारमण के काफिले को रोकने की कोशिश की। इसी बीच भाजपा कार्यकर्ता भी वहां सक्रिय हो गए और दोनों समूहों में बहस शुरू हो गई। खबर है कि दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच हुई कहासुनी के दौरान वह जहीराबाद में दौरा पूरा करने के बाद वह बांसवाड़ा जा रही थीं। सीतारमण ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की नेतृत्व वाली तेलंगाना की तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) सरकार को बढ़ते कथित कर्ज, कृषि संकट औ अन्य मुद्दों को लेकर निशाना बनाया।

### सुप्रीम कोर्ट का जनसंख्या नियंत्रण की याचिका पर केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जनसंख्या नियंत्रण की याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया है। याचिका में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर कारगर गाइडलाइंस जारी करने व उचित नियम बनाने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग की गई है। जस्टिस केएम जोसफ और ऋषिकेश राय की बेंच ने मोदी सरकार से प्रतिक्रिया मांगी। साथ ही मामले को इसी तरह की लंबित याचिकाओं के साथ टैग कर दिया। अखिल भारतीय संत समिति के जनरल सेक्रेटरी, डांडी स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने यह याचिका दायर की है। उन्होंने याचिका में कहा है कि हर साल जनसंख्या बढ़ रही है लेकिन प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं और इसलिए कठिनाईयां आ रहीं हैं। इससे बेरोजगार, गरीबी बढ़ रही है। साथ ही खाने की सप्लाई और स्वास्थ्य सुविधाओं के सीमित होने से मुश्किलें भी लाजिमी हैं।

# एशिया कप में रविवार को फिर हो सकता है भारत-पाक महामुकाबला

**दुबई** । एशिया कप में हांगकांग पर जीत के साथ ही भारतीय टीम ग्रुप ए से सुपर 4 में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गयी है। वहीं ग्रुप बी से अफगानिस्तान पहले ही सुपर-4 में पहुंच गयी है। भारतीय टीम ने पहले मुकाबले में पाकिस्तान को हराया था। वहीं अफगानिस्तान ने बांग्लादेश और श्रीलंका का हराया है। अब भारतीय टीम का मुकाबला रविवार को पाकिस्तान से होना तय नजर आ रहा है क्योंकि इससे पहले पाक टीम को शुक्रवार को हांगकांग से खेलना है और हांगकांग की टीम इसमें अलटफेर कर सकें इसकी संभावनाएं नहीं के बराबरी हैं। ऐसे में पाक टीम हांगकांग पर जीत के साथ ही सुपर-4 में भारत से खेलने की दावेदार बन जाएगी। दोनो देशों के बीच होने वाले मुकाबले बेहद रोमांचक होते हैं। ऐसे में प्रशंसकों को इस मैच का भी बेसब्री से भी इंतजार रहेगा। भारतीय टीम जहां इस मैच में एक और जीत दर्ज करना चाहेगी। वहीं पाक टीम अपनी पिछली हार का हिसाब बराबर करने उतरेगी। दोनो देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण इनकी टीमों का मुकाबला आईसीसी टूर्नामेंटों में ही होता है और द्विपक्षीय सीरीज नहीं होती है। जिससे इन मुकाबलों को लेकर प्रशंसकों का उत्साह ओर भी बढ़ जाता है। **ग्रुप** ए में भारत और पाकिस्तान के अलावा तीसरी टीम हांगकांग है। नई टीम होने के कारण हांगकांग कमजोर है। भारतीय टीम ने जिस प्रकार उसे आसानी से हराया है। उसको देखते हुए हांगकांग से पाक टीम को जीत में शायद ही कोई परेशानी हो।

### एशिया कप 2022: सुपर फोर मुकाबले

(भारतीय समयानुसार)

3 सितंबर: बी1 बनाम बी2, शारजाह : शाम 7:30 बजे

4 सितंबर: ए1 बनाम ए 2, दुबई : शाम 7:30 बजे

6 सितंबर: ए1 बनाम बी1, दुबई : शाम 7:30 बजे

7 सितंबर: ए2, बनाम बी2, दुबई ङ्क शाम 7:30 बजे

8 सितंबर:ए1 बनाम बी2, दुबई : शाम 7:30 बजे

9 सितंबर- बी1बनाम ए2, दुबई- शाम 7:30 बजे

फाइनल: 11 सितंबर: फाइनल, दुबई- शाम 7:30 बजे

### दोनो टीमें इस प्रकार हैं

भारतीय टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुडा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह और आवेश खान.
पाकिस्तान टीम- बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उपकप्तान), आसिफ अली, फखर जमां, हैदर अली, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, खुशदिल शाह, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, शाहबाज धानी और उस्मान कादिर।

## न्यूज़ ट्रैक....

### किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी के लिए तैयार हैं सूर्यकुमार

**दुबई** । टीम इंडिया के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने हांगकांग के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद कहा है कि वह किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी के लिए तैयार हैं। सूर्यकुमार ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदर्पण के बाद से ही टीम की जरुरत के अनुसार बल्लेबाजी की है। इसी कारण वह सलामी बल्लेबाज से लेकर शीर्ष और मध्य क्रम में कई नंबरों पर उतरे हैं। यूर्या ने सभी जगहों पर अपनी उपयोगिता साबित की है। सूर्यकुमार ने हांगकांग के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए शानदार अर्धशतक लगाया था। उन्होंने अंतिम ओवरों में चार छक्के लगाकर भारतीय टीम को बड़ा स्कोर बनाने में सहायता की थी। सूर्यकुमार ने हांगकांग के खिलाफ मैदान में चारों ओर शॉट्स लगाये। इस बल्लेबाज ने कहा, 'मैं किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी कर सकता हूं। मैंने पहले ही कोच और कप्तान को कहा है कि मुझे टीम में बनाये रखें भले ही किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी के लिये कहें।' वहीं लोकेश राहुल को लेकर उन्होंने कहा कि वह चोट के बाद वापसी कर रहे हैं और ऐसे में उन्हें लय में आने के लिए कुछ समय चाहिए होगा। उन्होंने कहा कि आगामी टीम 20 विश्व कप को देखते हुए प्रयोग जारी हैं और टीम सर्वश्रेष्ठ संयोजन के अनुसार उतरेगी।

### आईएसएल फुटबॉल का नया सत्र सात अक्टूबर से शुरू होगा

**मुंबई** । इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल का नया सत्र अगले माह सात अक्टूबर से शुरू होगा। आईएसएल का पहला मुकाबला गत वर्ष की विजेता केरल ब्लास्टर्स और ईस्ट बंगाल के बीच होगा। इस फुटबॉल लीग में दो सत्र के बाद पहली बार दर्शकों को भी स्टेडियम में प्रवेश दिया जा रहा है। इससे पहले कोरोना संक्रमण के कारण दर्शकों को प्रवेश नहीं मिला था। इस बार अधिकतर मुकाबले सप्ताहांत में रखे गये हैं जिससे अधिक से अधिक दर्शकों को आकर्षित किया जा सके। आईएसएल के नए प्रारूप के अनुसार लीग चरण में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें स्वयं ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेंगी। इसके बाद तीसरे से छठे स्थान पर रहने वाली टीम एक चरण के प्लेऑफ में खेलेंगी जिससे सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दो अन्य टीमें तय होंगी। इसमें हैदराबाद एफसी अपना पहला मैच नौ अक्टूबर को अपने घरेलू मैदान पर मुंबई सिटी एफसी से खेलेगी। लीग चरण में हर टीम 20 मैच खेलेगी। इनमें से 10 मैच वह घरेलू मैदान पर खेलेगी।

## सचिन करेंगे रोड सेफ्टी विश्व सीरीज के दूसरे सत्र में इंडिया लीजेंड्स की कप्तानी

**मुंबई** । महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर रोड सेफ्टी (सड़क सुरक्षा) विश्व सीरीज के दूसरे सत्र की कप्तानी करेंगे। वहीं पहले सत्र में भी सचिन ने इंडिया लीजेंड्स की कप्तानी की थी। सचिन के साथ इस लीग में आक्रामक बल्लेबाज युवराज सिंह, इरफान पठान, यूसुफ पठान, राहुल शर्मा जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

दूसरे सत्र का आयोजन 10 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 22 दिन तक अलग अलग स्थानों पर होगा। इस टूर्नामेंट का पहला मैच कानपुर में खेला। वहीं दोनों सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले रायपुर में खेले जाएंगे। वहीं इसके अलावा इंदौर और देहरादून में भी मुकाबले होंगे। इस बार इस टूर्नामेंट में इंडिया लीजेंड्स, श्रीलंका लीजेंड्स, ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स, बांग्लादेश लीजेंड्स, वेस्टइंडीज लीजेंड्स, दक्षिण अफ्रीका लीजेंड्स, इंग्लैंड लीजेंड्स और न्यूजीलैंड लीजेंड्स सहित कुल मिलाकर आठ टीमें भाग ले रही हैं।

इस लीग का मुख्य लक्ष्य देश और विश्व भर में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस सीरीज को लेकर खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा,'' मुझे पूरा भरोसा है कि रोड सेफ्टी विश्व सीरीज सामाजिक बदलाव में अहम भूमिका निभाने के साथ ही सड़क और सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों का रुख बदलने के लिए एक आदर्श मंच साबित होगी।' वहीं सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, ''रोड सेफ्टी विश्व सीरीज क्रिकेट के जरिये सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और लोग यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित होंगे।''

## विराट के अर्धशतक पर आईपीएल टीमों ने मनायी खुशी

**मुम्बई** । टीम इंडिया के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने लंबे समय के बाद अर्धशतक लगाया है। यह टी20 क्रिकेट में विराट का 31वां अर्धशतक था। विराट ने एशिया कप में हांगकांग के खिलाफ यह अर्धशतक लगाया है। ऐसे में उनकी इस शानदार पारी की खुशी सभी आईपीएल टीमों ने भी मनायी है। विराट की आईपीएल टीम

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर (आरसीबी) ने ट्वीट किया, विराट ने बनाया अपना 31वां टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक! तालियों के इमोजी। विराट लंबे समय तक आरसीबी के कप्तान रहे हैं हालांकि वह टीम को खिताब नहीं जिता पाये।

वहीं सबसे ज्यादा बार आईपीएल विजेता रही मुंबई इंडियंस ने विराट की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, कोहली का शानदार अर्धशतक। इसके साथ ही उन्होंने ताली का इमोजी भी बनाया। वहीं एक अन्य टीम पंजाब किंग्स ने भी विराट कोहली की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 50 महान शख्स के लिए। किंग्स ने विराट का नाम लिखकर हाथ जोड़ने का एक इमोजी भी बनाया। इसके अलावा आईपीएल के 15 वें सत्र की विजेता टीम गुजरात टाइटन्स ने भी विराट के अर्धशतक का शानदार जश्न मनाते हुए लिखा, एक और टी20 अंतरराष्ट्रीय 50 किंग के लिए।

वहीं सनराइजर्स हैदराबाद ने ट्वीट करते हुए लिखा, विराट का 31वां टी20 अर्धशतक। इसके अलावा कोलकाता नाइट राइडर्स ने ट्वीट किया, विराट वही कर रहे हैं जो वह सबसे अच्छा करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने विराट की शॉट खेलते हुए की एक तस्वीर भी साझा की। चेन्नई सुपर किंग्स ने भी विराट के अर्धशतक की खुशी अपने ट्विटर पर मनायी। उन्होंने विराट की तारीफ करते हुए ट्वीट किया, शब्दों के विराट! जब शब्द विफल हो जाते हैं, तो सीटी बज जाती है।

आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने विराट के अर्धशतक पर ट्वीट करते हुए लिखा , यह हुई ना बात। इसके साथ ही उन्होंने ताली का इमोजी और दिल का इमोजी भी बनाया है।

## ऑस्ट्रेलिया ने टी20 विश्वकप के लिए घोषित की टीम , टिम भी शामिल

**सिडनी** । मेजबान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टी20 विश्वकप क्रिकेट के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। ऑस्ट्रेलिया की इस 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी आरोन फिंच करेंगे जबकि पैट कमिंस को उप कप्तान बनाया गया है। इस टीम में सिंगापुर मूल के ऑलराउंडर टिम डेविड को भी शामिल किया गया है। इस बार ऑस्ट्रेलियाई टीम में मिचेल स्वेपसन को जगह नहीं मिली है। उनकी जगह टिम को मिली है। टीम को टीम में जगह देने की मांग पूर्व क्रिकेटरों रिकी पॉन्टिंग, शेन वॉटसन और ब्रैड हॉग ने की थी। गौरतलब है कि टिम ने साल 2020 तक सिंगापुर की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय खेला है। इसके बाद से ही वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहे हैं हालांकि उन्होंने आईपीएल सहित कई टी20 लीग में शानदार प्रदर्शन किया है। साल 2021 में वह रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) टीम में शामिल थे। वहीं इस साल उन्हें मुंबई इंडियंस ने 8.25 करोड़ की राशि देकर अपनी टीम में शामिल किया है। टिम ने सिंगापुर की तरफ से 14 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 46.50 की औसत और 158 की स्ट्राइक रेट से 558 रन बनाए हैं। उनके नाम चार अर्धशतक हैं। इसके अलावा टीम ने पांच विकेट भी लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम इस प्रकार है- आरोन फिंच (कप्तान), पैट कमिंस (उप कप्तान), एश्टन एगर, टिम डेविड, जोश हेजलवुड, जोश इंग्लिश, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल. केन रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर और एडम जंपा।



ओसाका में जापान ओपन बैडमिंटन में थाईलैंड की बेनयापा और नूनटेकरन चीनी जोड़ी के खिलाफ उत्साहित नजर आयी।

## सुपर-4 में पहुंचने वाली तीसरी टीम बनी श्रीलंका

**दुबई** । श्रीलंकाई क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को दो विकेट से हराकर सुपर-4 में प्रवेश किया है। इस प्रकार श्रीलंकाई टीम सुपर-4 में पहुंचने वाली तीसरी टीम बन गयी है। इससे पहले अफगानिस्तान और भारत ने सुपर-4 में जगह बनायी थी। इस मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 183 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को श्रीलंका ने 19.2 ओवर में ही आठ विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। श्रीलंका की जीत में कुसल मेंडिस की अहम भूमिका रही। कुशल ने 60 रनों की अच्छी पारी खेली। यह मैच श्रीलंकाई कोच के कारण चर्चाओं में रहा। इस मैच में लंकाई कोच क्रिस सिल्वरवुड ड्रेसिंग रुप से संदेश भेजते रहे जिसको लेकर सवाल उठ रहे हैं। वहीं चमिका करुणारत्ने जीत के बाद अपने नागिन डांस के कारण भी छाये रहे। सिल्वरवुड ड्रेसिंग रूम से लगातार खिलाड़ियों को संदेश भेज रहे थे पर उनकी इस रणनीति से प्रशंसक नाराज हो गये। एक प्रशंसक ने कहा कि अगर कोच ही टीम को चला रहे हैं तो कप्तान की क्या जरुरत है। सिल्वरवुड पहले भी इस रणनीति का इस्तेमाल करते रहे हैं। साल 2020 में इंग्लैंड के अफ्रीका दौरे में भी वह ड्रेसिंग रूम से कप्तान को संदेश भेजते हुए पाए गए थे।

## व्यापार न्यूज

### डॉलर के मुकाबले 14 पैसे टूटकर 79.70 पर



**मुंबई।** विदेशों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती के चलते अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 14 पैसे टूटकर 79.70 रुपए पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 79.63 पर खुला। बाद में और गिरावट दर्ज करते हुए यह 79.70 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 14 पैसे की कमजोरी को दर्शाता है। पिछले कारोबारी सत्र में गुरुवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 4 पैसे टूटकर 79.56 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.12 प्रतिशत गिरकर 109.55 पर आ गया। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 1.83 प्रतिशत बढ़कर 94.05 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गुरुवार को 2,290.31 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

### टाटा मोटर्स लगाई छलांग, अगस्त में कुल बिक्री में किया 36 फीसदी इजाफा

**नई दिल्ली** । देश की अग्रणी कार बनाने वाली कंपनी टाटा मोटर्स ने अगस्त, 2022 में लंबी छलांग लगाते हुए कुल बिक्री 36 फीसदी का इजाफा किया और उसकी बिक्री बढ़कर 78,843 इकाई हो गई। कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वाहन क्षेत्र प्रमुख कंपनी ने पिछले साल के इसी महीने में 57,995 इकाइयों की बिक्री की थी। अगस्त में टाटा मोटर्स की कुल घरेलू बिक्री 41 प्रतिशत बढ़कर 76,479 इकाई हो गई। कंपनी ने अगस्त, 2021 में 54,190 इकाइयां डीलरों को भेजी थी। घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री पिछले महीने 68 प्रतिशत बढ़कर 47,166 इकाई पर पहुंच गई। एक साल पहले यह आकंड़ा 28,018 इकाई रहा था। पिछले महीने घरेलू बाजार में कंपनी की वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 29,313 इकाई हो गई। पिछले साल इसी महीने में कंपनी 26,172 वाणिज्यिक वाहन बेचे थे।

## मजबूती के साथ शेयर बाजार की शुरुआत

# सेंसेक्स 342.07 अंक चढ़ा, निफ्टी 17,600 पर

**मुंबई** । मिलेजुले वैश्विक रुख के बीच शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में प्रमुख शेयर सूचकांकों में तेज रही। एक दिन पहले शेयर बाजार में गिरावट आई थी। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 342.07 अंक चढ़कर 59,108.66 पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 101.05 अंक बढ़कर 17,643.85 पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स में एनटीपीसी, आईटीसी, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एशियन पेंट्स बढ़ने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फिनसर्व के शेयर नुकसान में कारोबार कर रहे थे। अन्य एशियाई बाजारों में सियोल और शंघाई में बढ़त थी, जबकि तोक्यो और हांगकांग में गिरावट हुई। पिछले कारोबारी सत्र में गुरुवार को तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 770.48 अंक की गिरावट के साथ 58,766.59 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 216.50 अंक टूटकर 17,542.80 अंक पर बंद हुआ। शुरुआत में निफ्टी में लिस्टेड शेयरों में से 1304 बढ़त के साथ खुले हुए थे जबकि 560 शेयरों में गिरावट देखी गई। इसी समय सबसे अधिक बढ़ने वाले एफएंडओ शेयरों में एस्ट्रल लिमिटेड, हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स, यूनाइडेट स्पिरिट्स, पीरामल इंटरप्राइजेज और एनटीपीसी शामिल थे। गिरने वालों में बैंक ऑफ बड़ौदा, वेदांता लिमिटेज, एनएमडीसी, कोरोमंडल और कैनरा बैंक थे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने गुरुवार को अडानी एंटरप्राइजेज के निफ्टी 50 इंडेक्स में शामिल करने की घोषणा की। अडानी एंटरप्राइजेज को शामिल करने के लिए श्री सीमेंट को बाहर किया जाएगा। यह बदलाव 30 सितंबर 2022 से लागू होगा। निफ्टी नेक्सट 50 इंडेक्स में 7 नए शेयर शामिल किए जाएंगे। शामिल होने वाले शेयरों में निफ्टी 50 से बाहर होने वाला श्री सीमेंट होगा। इसके अलावा अडानी टोटल गैस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, आईआरसीटीसी, एमफेसिस और सम्वर्धन मदरसन इंटरनेशनल के शेयर शामिल किए जाएंगे।

### एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख

**मुंबई** । एशिया के ज्यादातर शेयर बाजार नुकसान पर खुले और लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज पर 0.23 फीसदी की बढ़त दिख रही है, जबकि जापान का निक्केई 0.01 फीसदी के उछाल पर कारोबार कर रहा है। वहीं ताइवान के बाजार में 0.11 फीसदी की गिरावट दिख रही, जबकि दक्षिण कोरिया के बाजार में 0.57 फीसदी का उछाल है। भारतीय बाजार में लगातार पैसे लगा रहे विदेशी निवेशकों ने पिछले सत्र में बड़ी बिकवाली की, जिससे निवेशकों को नुकसान झेलना पड़ा। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने पिछले सत्र में 2,290.31 करोड़ रुपए बाजार से निकाले। हालांकि इसी दौरान घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 951.13 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

## एसबीआई कार्ड ने नया कैशबैक एसबीआई कार्ड लांच किया

**नई दिल्ली** । एसबीआई कार्ड ने नया 'कैशबैक एसबीआई कार्ड' लांच किया है। यह कार्ड अब पहले से ज्यादा कैश बैक देगा। यह हर कार्डधारकों को बिना किसी मर्चेंट प्रतिबंध के सभी ऑनलाइन खर्चों पर 5 प्रतिशत तक कैशबैक देगा। एसबीआई कार्ड ने अपने नए कैश बैक कार्ड को कई मायनों में स्पेशल होने का दावा किया है। इस कार्ड से कैशबैक ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों तरह की खरीदारी पर मिलेगा। साथ ही इसमें कैश बैक के लिए किसी शर्त को नहीं रखा गया है, जैसे फलां कंपनी या फलां प्लेटफॉर्म से प्रोडक्ट खरीदेंगे तो ही कैश बैक मिलेगा। कैशबैक एसबीआई कार्ड कैश बैक के लिए किसी तरह का मर्चेंट रिस्ट्रिक्शन नहीं लगा रहा है। कार्डहोल्डर को कहीं से भी, किसी से भी सामान खरीदे, उसको 5 फीसदी का कैशबैक दिया जाएगा। यह नया ऑफर कैशबैक को एक नए ही लेवल पर ले जाने वाला है। कंपनी के मुताबिक, टियर 2 और 3 शहरों सहित पूरे भारत के उपभोक्ता डिजिटल एप्लिकेशन प्लेटफॉर्म 'एसबीआई कार्ड स्प्रिंट' के माध्यम से अपने घर में आराम से 'कैशबैक एसबीआई कार्ड' के लिए आवेदन कर सकते हैं। कंपनी के मुताबिक कॉन्टैक्टलेस कार्ड पहले साल मार्च 2023 तक स्पेशल ऑफर के तौर पर फ्री है। इसमें कहा गया है कि कैशबैक एसबीआई कार्ड ग्राहक सभी खर्चों पर अनलिमिटेड एक प्रतिशत कैशबैक अर्जित करेंगे। हर महीने अधिकतम 10 हजार रुपए तक की ऑनलाइन खरीदारी पर 5 फीसदी तक कैशबैक का लाभ मिलेगा। कैशबैक एसबीआई कार्ड में ऑटो-क्रेडिट कैशबैक सुविधा है। इसके चलते स्टेटमेंट जेनरेशन के दो दिन के भीतर आपको अपने एसबीआई कार्ड अकाउंट में कैशबैक मिल जाता है।

## सोने के वायदा भाव तेज, चांदी भी महंगी

**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में तेजी की वजह से सोने एवं चांदी की वायदा कीमतों में शुक्रवार को बढ़त देखने को मिली। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अक्टूबर, 2022 में डिलीवरी वाले सोने में शक्रवार को सुबह 99 रुपए की तेजी के साथ 50,169 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार हो रहा था। इससे पिछले सत्र में अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट वाला सोना 50,070 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा था। वहीं दिसंबर 2022 में डिलीवरी वाले सोने में 111 रुपए की बढ़त के साथ 50,468 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार हो रहा था। इससे पिछले सत्र में दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट वाले सोने का भाव 50,357 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा था। वहीं मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सुबह सितंबर, 2022 में डिलीवरी वाली चांदी में 577 रुपए की बढ़त के साथ 52,300 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार हो रहा था। इससे पिछले सत्र में सितंबर कॉन्ट्रैक्ट वाली चांदी की कीमत 51,723 रुपए प्रति किलोग्राम पर रही थी। दिसंबर, 2022 में डिलीवरी वाली चांदी में 133 रुपए की तेजी के साथ 52,734 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार हो रहा था। इससे पहले गुरुवार को दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट वाली चांदी की कीमत 52,602 रुपए प्रति किलोग्राम पर रही थी।

## इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनियां कर रही भारतीय बाजार में एंट्री : जल्द लांच होगी इलेक्ट्रिक एसयूवी



**नई दिल्ली** । कई नई इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनियां भारतीय बाजार में एंट्री कर रही हैं।चीन की कार कंपनी बीवाईडी भी अब इस फेहरिस्त में शामिल होने वाली है.आपको बता दें कि बीवाईडी में दिग्गज इन्वेस्टर वारेन बफेट ने भी पैसा लगाया हुआ है।चीन की इस कंपनी ने हाल ही में एलन मस्क की इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी टेस्ला को पीछे छोड़ा है। जनवरी-जून 2022 के दौरान टेस्ला ने जहां 5.6 लाख ईवी की बिक्री की थी, वहीं बीवाईडी की बिक्री का आंकड़ा 6.4 लाख रहा था।इस कंपनी की योजना भारत में एक प्लांट लगाने की भी है।कंपनी अभी चेन्नई के पास श्रीपेरुम्बुदुर में स्थित असेंबलिंग प्लांट में अपनी कारें असेंबल करेगी।बाद में वह मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट लगाने की संभावनाओं पर गौर करेगी।इसके अलावा कंपनी आगामी फेस्टिव सीजन में भारतीय बाजार में एक इलेक्ट्रिक एसयूवी भी लॉन्च करने की तैयारी में है.कंपनी अगले साल के दिल्ली ऑटो एक्सपो में भारतीय बाजार के लिए तैयार कई कारें प्रदर्शित करेगी।बीवाईडी भारतीय बाजार को लेकर काफी गंभीर है और ऑटो एक्सपो में उसकी तैयारी देखने को मिल सकती है।कंपनी अभी स्थानीय स्तर पर कारें सिर्फ असेंबल करेगी, लेकिन आने वाले समय में वह यहीं मैन्यूफैक्चरिंग भी करने वाली है।कंपनी की योजना है कि अगले दो साल में वह स्थानीय स्तर पर 10 हजार असेंबल्ड कारों की बिक्री करे और इसके साथ ही भारत में ही मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट लगाए.कंपनी ऑटो एक्सपो में हैचबैक, सेडान और एसयूवी समेत कई प्रोडक्ट प्रदर्शित करने की तैयारी में है।इसके साथ ही 450-500 किलोमीटर से ज्यादा रेंज देने के लिए फेमस ब्लेड बैटरी टेक्नोलॉजी को भी प्रदर्शित किया जा सकता है। बीवाईडी की अटो3 इलेक्ट्रिक एसयूवी भारतीय बाजार में पहली कार होगी, जो आगामी फेस्टिव सीजन के दौरान लॉन्च होगी।तेजी से बढ़ते भारतीय ईवी बाजार में बीवाईडी की इस कार की टक्कर हुंडई कोना और एमजी मोटर की जेडएस ईवी से होगी।इसकी कीमत करीब 25 लाख रुपये हो सकती है।यह कार एक बार चार्ज करने पर 450-500 किलोमीटर से ज्यादा की रेंज देने वाली होगी। बाजार में इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी बीवाईडी जल्दी ही एंट्री कर सकती है।मालूम हो कि भारत में इलेक्ट्रिक कारों का बाजार तेजी से बढ़ रहा है।सरकारी प्रोत्साहन और बढ़ती जागरुकता के कारण भारत में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री लगातार बढ़ रही है।

### टाटा लॉन्च करेगी नए स्पेशल वेरिएंट

नई दिल्ली । स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स एसयूवीएस के स्पेशल वेरिएंट लॉन्च करने जा रही है।टाटा मोटर्स इसको लेकर एक टीजर शेयर किया है। स्पेशल एडिशन इस फेस्टिव सीजन से पहले लॉन्च हो सकते हैं। टाटा मोटर्स नए वेरिएंट को ज्यादा लग्जरी फीचर्स के साथ उतार सकती है।नए स्पेशल एडिशन हेरीयर, सफारी और नेक्सान के लिए लॉन्च किया जाएंगे।भविष्य में नेक्सान ईवी को भी इस स्पेशल वेरिएंट में उतारा जा सकता है। हालांकि, अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है।टाटा मोटर्स नए वेरिएंट में केवल कॉस्मेटिक अपग्रेड और फीचर एडिशन करेगी।किसी भी एसयूवी में कोई मैकेनिकल बदलाव नहीं किया जाएगा.टीजर में देखा जा सकता है कि एसयूवी को सफेद रंग की छत के साथ डुअल-टोन पेंट में तैयार किया गया है।इसमें एलॉय व्हील ब्लैक आउट हैं।नए वेरिएंट को स्टैंडर्ड वेरिएंट से अलग करने के लिए नए बैजिंग जैसे अन्य कॉस्मेटिक बदलाव भी हो सकते हैं।एसयूवी को लग्जरी बनाने के लिए कंपनी इनमें वेंटीलेटेड फ्रंट सीट्स, ऑटो-डिमिंग रियर व्यू मिरर और प्रीमियम लेदर अपहोल्स्ट्री जैसे फीचर्स जोड़ सकती है।हालांकि, ये सुविधाएं पहले से ही एसयूवी के टॉप-एंड वेरिएंट में मिलती आ रही हैं।इसलिए उम्मीद है कि नया एसयूवी टॉप-एंड वेरिएंट पर बेस्ड होंगी.एसयूवी में मैकेनिकली

# शाहरुख ने आलिया के प्रोडक्शन में काम करने की जतायी इच्छा, किया प्रोफेशनल होने का वादा!



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री आलिया भट्ट इस साल कई फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं। इन्हीं फिल्मों में एक है डार्लिंग्स जिसकी शूटिंग उन्होंने हाल में शुरू की है। उन्होंने इस प्रोजेक्ट की शूटिंग से जुड़ी तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। उनके इस पोस्ट पर प्रशंसक अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त कर रहे हैं। आलिया के इसी पोस्ट पर बॉलीवुड के किंग खान कहे जाने वाले शाहरुख खान ने अपनी मजेदार प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

आलिया की तस्वीर पर कमेंट करते हुए शाहरुख ने उनके प्रोडक्शन में काम करने की इच्छा जतायी है। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में आलिया से प्रोफेशनल होने का वादा किया है। आलिया ने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा था, फिल्म डार्लिंग्स का पहला दिन। एक प्रोड्यूसर के रूप में यह मेरी पहली फिल्म



होगी लेकिन मैं हमेशा पहले एक अभिनेत्री रहूंगी। आलिया के इस पोस्ट पर शाहरुख ने मजाकिया अंदाज में उनके प्रोडक्शन में काम करने की इच्छा प्रकट की है।

शाहरुख ने आलिया के ट्विटर पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, इस प्रोडक्शन के बाद प्लीज अपने अगले होम प्रोडक्शन के लिए मुझे साइन कर लो। वादा करता हूं कि मैं शूटिंग के लिए समय पर आऊंगा और बहुत प्रोफेशनल रहूंगा। शाहरुख की टिप्पणी का जवाब देते हुए आलिया ने अपने पोस्ट में लिखा, हा हा..मैं इससे ज्यादा और कुछ मांग ही नहीं सकती थी। डील पक्का, आपको साइन कर लिया। मेरे फेवरेट को ढेर सारा प्यार। गौरतलब है कि फिल्म डार्लिंग्स को शाहरुख के बैनर रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर आलिया को-प्रोड्यूस कर रही हैं। फिल्म को को-प्रोड्यूस करने के अलावा वह इसमें मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। आलिया ने फिल्म के बार में कहा था, मैं फिल्म के लिए उत्साहित हूं। यह ह्यूमर और डार्क कॉमेडी के साथ एक मनोरंजक कहानी है। मैं बतौर निर्माता अपनी पहली फिल्म डार्लिंग्स को लेकर बहुत खुश हूं।

फिल्म में शेफाली शाह, विजय वर्मा और रोशन मैथ्यू भी दिखेंगे। फिल्म से निर्देशन के क्षेत्र में जसमीन रीन डेब्यू करेंगी। खबरों की मानें तो फिल्म की कहानी एक मां-बेटी की जोड़ी के इर्द-गिर्द घूमती है। इन भूमिकाओं को आलिया और शेफाली निभाएंगी।

शाहरुख अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म पठान को लेकर सुर्खियों में हैं। वह राज एंड डीके की फिल्म में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। वह संजय लीला भंसाली की फिल्म इजहार में भी नजर आ सकते हैं। आलिया फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में नजर आने वाली हैं। इसमें आलिया का लुक और उनके डायलॉग को काफी पसंद किया गया है। वह रणबीर कपूर के साथ फिल्म ब्रह्मास्त्र के प्रोजेक्ट पर भी काम कर रही हैं।

## गेम शो से छोटे पर्दे पर कदम रखने जा रहे हैं रणवीर सिंह



बड़े पर्दे पर अपनी धाक जमाने के बाद अब अभिनेता रणवीर सिंह टीवी की दुनिया में भी अपने पांव पसारने की तैयारी में हैं। उन्होंने छोटे पर्दे पर धमाल मचाने के लिए कमर कस ली है। वह जल्द ही एक बड़े रियलिटी शो से दर्शकों का मनोरंजन करते दिखेंगे। रणवीर पिछले कई दिनों से अपने टेलीविजन डेब्यू को लेकर सुर्खियों में थे। हाल ही में उन्होंने खुद इसके बारे में बात की। रणवीर ने कहा, एक कलाकार के रूप में मेरी प्रयोग करने और एक्सप्लोर करने की इच्छा हमेशा रही है। भारतीय सिनेमा ने मुझे वाकई सब कुछ दिया है। इसने मुझे मेरी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक मंच दिया। उन्होंने कहा, मैं भारत के लोगों से बहुत प्यार करता हूं, इसलिए अब मैं कलर्स चैनल के शो द बिग पिक्चर के जरिए अपने दर्शकों के साथ बेहद अनोखे और आकर्षक तरीके से जुड़ना चाहता हूं। रिपोर्ट की मानें तो रणवीर ने पिछले हफ्ते इस शो का पहला टीजर शूट किया है। द बिग पिक्चर अगले महीने अगस्त से टीवी पर शुरू होगा। बनिजय एशिया और आईटीवी स्टूडियोज ग्लोबल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित यह शो कलर्स और जियो पर भी आएगा। इस शो का घर बैठे आंनद लिया जा सकेगा। दर्शक अपने घरों में आराम से शो खेलकर बड़ी जीत हासिल कर सकेंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि शो में कुल 26 एपिसोड होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक इस रियलिटी शो में 12 राउंड होंगे, जिनमें तस्वीरें दिखाकर कुछ सवाल पूछे जाएंगे। जो भी सवाल का सही जवाब देगा और सारे राउंड पार करेगा, उसे पांच करोड़ का कैश प्राइज मिलेगा। इसमें प्रतियोगियों को भारत बचाएगा, परिवार का प्यार और किस्मत पलट जैसी तीन लाइफलाइन दी जाएंगी। लाइफलाइन के हिसाब से देखा जाए तो यह शो कुछ-कुछ अमिताभ बच्चन के शो कौन बनेगा करोड़पति जैसा लग रहा है। फिल्मों की बात करें तो रणवीर जल्द ही कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म 83 में नजर आएंगे। वह निर्देशक शंकर की फिल्म अन्नियन के हिंदी रीमेक में काम कर रहे हैं। रोहित शेट्टी की फिल्म सर्कस के हीरो रणवीर ही हैं। वह जयेशभाई जोरदार को लेकर सुर्खियों में हैं। रणवीर निर्देशक रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी में दिखाई देंगे। इसमें उनकी भूमिका छोटी, लेकिन महत्वपूर्ण होगी।

# आमना शरीफ के ट्रेडिशनल लुक पर फिदा हुए फैंस



टीवी इंडस्ट्री में पहचान बनाने वाली एक सिंपल सी दिखने वाली लड़की आजकल सोशल मीडिया पर कहर ढा रही है. हम बात कर रहे हैं आमना शरीफ की. आमना शरीफ का स्टाइल स्टैटमेंट काफी बदल चुका है. हाल ही में आमना ने ट्रेडिशनल लुक में अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं. इन फोटोज में आमना उतनी ही कमाल की दिख रही हैं, जितना वह वेस्टर्न आउटफिट में दिखती हैं. यह कहना गलत नहीं होगा कि आमना ट्रेडिशनल लुक में भी खूब कहर ढा रही हैं. आमना ने हरे रंग की एक ड्रेस डाली है, जिसपर काफी खूबसूरत एम्बॉड्री हो रखी है. आमना की इन तस्वीरों को उनके फैंस खूब पसंद कर रहे हैं. आमना अक्सर अपनी फोटो और वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं, जिनपर उनके फैंस दिल खोलकर अपनी प्रतिक्रिया देते हैं. आपको बता दें कि आमना ने एकता कपूर के टीवी सीरियल कहीं तो होगा से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. आमना की एक्टिंग दर्शकों को खूब पसंद आई और यह सीरियल हिट साबित हुआ. सीरियल के अपने आखिरी पड़ाव तक आते-आते आमना का नाम शो के अन्य कलाकार राजीव खंडेलवाल के साथ जोड़ा जाने लगा. मीडिया के सुर्खियों में दोनों के अफेयर के खूब चर्चे थे. कई बार दोनों ने अपने रिश्ते को लेकर हिंट भी दिए थे. हालांकि, यह रिश्ता चल न सका और दोनों अलग हो गए. राजीव खंडेलवाल के बाद आमना की जिंदगी में बॉलीवुड एक्टर आफताब शिवदासानी आए. आफताब के साथ फिल्म आलू चाट से आमना ने अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था. इस फिल्म के दौरान काफी करीब आ गए थे. आफताब, आमना से बेहद प्यार करते थे, लेकिन आमना पर आरोप लगे कि वह बॉलीवुड में करियर बनाने के लिए सिर्फ आफताब के प्यार से खेल रही थीं।

# रिलीज के कुछ घंटों बाद ही ऑनलाइन लीक हुई तापसी पन्नू की फिल्म हसीन दिलरुबा

पायरेसी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होने के बावजूद पायरेसी पर लगाम लगती नहीं दिख रही है। तापसी पन्नू की फिल्म हसीन दिलरूबा 2 जुलाई को दर्शकों के बीच आई। निर्माता से लेकर निर्देशक और फिल्म में काम करने वाले सितारे तक इसकी रिलीज को लेकर बेहद उत्साहित थे कि इतने में ही फिल्म ऑनलाइन लीक हो गई। रिलीज के कुछ घंटों बाद ही फिल्म के ऑनलाइन लीक हो जाने से निर्माता बेहद परेशान हैं। आइए पूरी खबर जानते हैं।

नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई हसीन दिलरूबा तमिल रॉकर्स, टेलीग्राम और मूवी रूल्ज जैसी पायरेसी साइटों का निशाना बनी है। फिल्म का पायरेटड वर्जन फिल्मीवैप, ऑनलाइन मूवी वॉचेज, 123 मूवीज, 123 मूवी रूल्ज और



फिल्मीजिला जैसी कई पायरेसी साइटों पर भी उपलब्ध है। यह फिल्म अब इन साइटों पर आसानी से डाउनलोड कर ॥ष्ठ प्रिंट में देखी जा सकती है। लीक होने के बाद लोग सर्च इंजन प्लेटफॉर्म पर हसीन दिलरूबा डाउनलोड जैसे कीवर्ड से सर्च कर फिल्म देख रहे हैं। इससे पहले भी कई फिल्में और वेब सीरीज लीक हो चुकी हैं। पिछली बार विद्या बालन की फिल्म शेरनी इसका शिकार हुई थी। रिलीज के कुछ घंटों बाद ही पूरी फिल्म पायरेसी साइटों पर एचडी प्रिंट में दर्शकों के लिए उपलब्ध थी। मनोज बाजपेयी अभिनीत द फैमिली मैन 2 भी ऑनलाइन लीक हो गई थी। इससे पहले सलमान खान की फिल्म राधे पायरेसी की भेंट चढ़ी थी, जिसके बाद पायरेसी करने वालों पर एक्शन भी लिया गया था। यह एक मर्डर मिस्ट्री फिल्म है, जिसमें तापसी के साथ विक्रांत मैसी और अभिनेता हर्षवर्धन राणे नजर आ रहे हैं। अभी तक तो फिल्म को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। हसीन दिलरूबा का निर्देशन विनील मैथ्यू ने किया है, जबकि आनंद एल राय और हिमांशु शर्मा फिल्म के निर्माता हैं।

## हंसल की फिल्म से शशि के पोते जहान करेंगे डेब्यू, परेश के बेटे भी आएंगे नजर

फिल्मी कलाकारों के बच्चों ने भी बॉलीवुड में अपनी मेहनत के दम पर अलग मुकाम हासिल किया है। मौजूदा दौर में कई स्टार किड्स फिल्म जगत में अपने अभिनय का जौहर दिखा रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि महान फिल्म अभिनेता शशि कपूर के पोते जहान कपूर हंसल मेहता की आगामी फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे। साथ ही इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता परेश रावल के बेटे आदित्य रावल भी नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, स्कैम 1992 के निर्देशक हंसल मेहता की अगली फिल्म में शशि के पोते जहान और परेश के बेटे आदित्य नजर आने वाले हैं। एक सूत्र ने कहा, फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और दोनों कलाकार इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साहित हैं। फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू-मेंबर्स मुंबई के फाइव स्टार होटल सबरबन में रुकी हुई है। यहां इस फिल्म की शूटिंग बायो बबल में हो रही है। अभी इस फिल्म का शीर्षक निर्धारित नहीं किया गया है। फिल्म को अनुभव सिन्हा और भूषण कुमार प्रोड्यूस करेंगे। बताया जा रहा है कि यह अनटाइटल फिल्म एक सच्ची घटना से प्रेरित होगी। फिल्म से संबंधित विस्तृत जानकारी को उजागर नहीं किया गया है। जहान और आदित्य दोनों ही थिएटर के मंझे हुए कलाकार हैं। जहान अपने पिता कुणाल कपूर और चाची संजना कपूर द्वारा चलाए जाने वाले पृथ्वी थिएटर का भी हिस्सा हैं। आदित्य भी हिस्टोरिकल ड्रामा द क्वीन लिख चुके हैं। उन्होंने अपने पिता परेश को प्ले किशन वर्सेस कन्हैया में भी सहयोग किया है। आदित्य ने साल 2020 में आई जी5 की फिल्म बमफाड़ से एक्टिंग में डेब्यू किया था। इस फिल्म में आदित्य का प्रदर्शन कोई खास नहीं रहा था। फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री शालिनी पांडे ने भी अपना डिजिटल डेब्यू किया था। इस फिल्म का निर्देशन रंजन चंदेल ने किया है।

# इन तरीकों की मदद से आयरन टेबल को रखें साफ और सुरक्षित, नहीं होगी जल्दी खराब



आमतौर पर यह देखा जाता है कि लोग अपनी आयरन को तो समय-समय पर साफ करते हैं, लेकिन आयरन टेबल की सफाई और देखभाल पर उनका ध्यान ही नहीं जाता। हालांकि इसकी सफाई भी बहुत जरूरी है। वैसे इसके लिए आपको ज्यादा कुछ नहीं करना और एक-दो महीने में बस एक बार आयरन चेबल को साफ करना है। आइए आज हम आपको आयरन टेबल की सफाई और देखभाल करने के कुछ आसान तरीके बताते हैं।

**आयरन टेबल से ऐसे हटाएं हल्की-फुल्की गंदगी:** अगर आपकी आयरन टेबल ज्यादा गंदी नहीं है और इस पर थोड़ी बहुत धूल-मिट्टी है तो इसे हल्के हाथों से एक साफ कपड़े से हर तरफ से झाड़ें। फिर इसके कवर को निकालकर अलग रख दें। अब आयरन टेबल के पैड को सावधानीपूर्वक बिना नुकसान पहुंचाए निकाल लें और अगर इसके नीचे धूल जमी हो तो वैक्यूम क्लीनर या सॉफ्ट ब्रश की मदद से इसे साफ कर लें।

**आयरन टेबल के कवर से दाग-धब्बे हटाने का तरीका:** अगर आपकी आयरन टेबल के कवर पर किसी तरह का दाग है तो आप इसे बेकिंग सोडा और सफेद सिरके की मदद से साफ कर सकते हैं। इसके लिए एक कटोरी में आधा कप पानी, दो चम्मच सफेद सिरका और एक चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालकर इसे दाग वाली जगह पर छिड़कें और 10- 15 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद कवर को धो दें।

**कवर को धोने का तरीका**- आयरन टेबल के कवर को धोने के लिए सबसे पहले इस पर लगे लेबल को चेक करें कि कवर को मशीन से धोया जा सकता है या नहीं। अगर हां तो इसे मशीन में जेंटल सेटिंग पर धो लें। लेकिन अगर लेबल पर कवर को मशीन में धोने से मना किया गया है तो लेबल पर दिए गए दिशानिर्देशों को पढ़कर इसे साफ करें। ध्यान रखें कि मशीन में कवर को धोते समय माइल्ड डिटर्जेंट का इस्तेमाल करना है।

**इस तरह टेबल को करें सेट:** अब आप आयरन टेबल के कवर को हवादार जगह पर सुखा दें और जब यह सूख जाए तो इसे टेबल के पैड पर चढ़ा दें। इसके बाद एक साफ मुलायम कपड़े से पूरी आयरन टेबल को पोंछे और इसके अलग-अलग हिस्सों को एक बार फिर से जोड़ दें। अब आपका आयरन बोर्ड दोबारा इस्तेमाल करने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। इसी तरह से हर एक या दो महीने बाद इसकी सफाई करके इसे सुरक्षित रखें।

# कान की खुजली से परेशान हैं तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगी राहत



खुजली होने पर आप कान को शरीर के अन्य हिस्सों की तरह सामान्य रूप से नहीं खुजला सकते हैं क्योंकि यह समस्या कान के आंतरिक भाग में होती है। कहने के लिए कान की खुजली सामान्य होती है, लेकिन यह लोगों को काफी परेशान कर सकती है। इसके अलावा कान को गलत तरीके से खुजलाने से कई तरह की समस्याएं भी हो सकती हैं। आइए आज आपको इस समस्या को दूर करने में सहायक कुछ घरेलू नुस्खे बताते हैं।

### एलोवेरा है प्रभावी

कान की खुजली को दूर करने में एलोवेरा काफी मदद कर सकता है। इसके लिए एलोवेरा की पत्तियों से जेल निकालें और इसकी दो-तीन बूंदें कान में डालें। अब इसे कुछ देर के लिए कान में ही रहने दें। दरअसल, यह कान के आंतरिक भाग में एक परत चढ़ा देता है जिससे कान के श्र॥ स्तर को सामान्य कर खुजली दूर करने में मदद मिलती है। इसके अलावा एलोवेरा में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण कान के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं।

### जैतून के तेल का करें इस्तेमाल

जैतून के तेल की मदद से भी कान की खुजली को दूर किया जा सकता है। समस्या से राहत पाने के लिए एक ड्रॉपर की मदद से अपने कान में जैतून के तेल की दो से तीन बूंदें डालें। इस उपाय को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आप इस तेल में लहसुन की कुछ कलियों को कुचलकर भी डाल सकते हैं। यकीनन इससे आपको जल्द ही कान की खुजली से राहत मिलेगी।

### सफेद सिरका आएगा काम

कान की खुजली से राहत पाने के लिए सफेद सिरके का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि सफेद सिरके और पानी की बराबर मात्रा एक चम्मच या फिर कटोरी में अच्छे से मिला लें। अब इस घोल की दो से तीन बूंदों को अपने कान में डालकर इसे कुछ मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। यह मिश्रण कान के रूखेपन को दूर करने में भी मदद कर सकता है।

### हाइड्रोजन पेरोक्साइड से मिलेगी राहत

यह एक आसान और प्रभावी घरेलू नुस्खा है जो कान की खुजली को रोकने में मदद करता है। इसके लिए आपको 3त्र वाले हाइड्रोजन पेरोक्साइड की आवश्यकता पड़ेगी। राहत के लिए पहले एक कटोरी में हाइड्रोजन पेरोक्साइड और पानी को बराबर मात्रा में मिलाएं और फिर इस मिश्रण की दो से चार बूंदें कान में डालें। कुछ सेकंड के बाद अपने कान को दूसरी तरफ झुकाएं ताकि मिश्रण कान से बाहर निकल जाए।

## एक्ट्रेस सिधिका शर्मा करने जा रही है मूवी फुफ्फड़ जी से पंजाबी फिल्म में डेब्यू



अभिनेत्री सिधिका शर्मा पॉलीवूड इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही है, डायरेक्टर पंकज बत्रा की फिल्म फुफ्फड़ जी से पंजाबी फिल्म में डेब्यू करेंगी जिसमे वो गुरनाम भुल्लर, बिन्नू धिल्लॉन ,और अलंकृता सहाई के साथ नज़र आएँगी सिधिका शर्मा भले ही पंजाबी फिल्म से डेब्यू करेंगी लेकिन वो पंजाबी इंडस्ट्री में नई नहीं है, इससे पहले वो कई पंजाबी गानो में नज़र आ चुकी है। अभिनेत्री सबसे पहले न जी न गाने में हार्डी संधू के साथ नज़र आयी थी, जिसके बाद उन्होंने फुलकारी और हालही में ओमकार कपूर के साथ सौ सौ वरी में अपनी कमाल की अदायिकी से सभी के दिलों में घर कर चुकी है। दिल्ली की रहने वाली अभिनेत्री सिधिका खुद एक पंजाबी फॅमिली से है, और अपनी आने वाली मूवी को लेकर ख़फ़ी उत्सुक है। अभिनेत्री अभी फ़िलहाल चंडीगढ़ में अपनी डेब्यू फिल्म फुफ्फड़ जी की शूटिंग में व्यस्त है और बहुत ही जल्द वो रजत बक्शी की फिल्म वेलापन्ति से बॉलीवुड में भी डेब्यू करेंगी।

## धन्य है आम आदमी

**व्यंग्यकार । .. फारूख अफरीदी**
**प्रकाशक। . कलमकार मंच, जयपुर**
**मूल्य 180 रु, पृष्ठ 132**
**चर्चाकार। . विवेक रंजन श्रीवास्तव, भोपाल**

जब मैं इंजीनियरिंग पास करके नौकरी पर आया तो हम लोगों में एक चुटकुला बहुत चलता था। चुटकुला इस तरह था कि कालेज से निकला एक इंजीनियर नौकरी से पहले देश भ्रमण पर निकला तो उसने सोचा कि कालेज में सालों की मेहनत से विकसित बुद्धि चोरी न हो जाये अतः उसने अपनी बुद्धि एक डाक्टर के पास संभाल कर रखवा दी। बरसों बाद वे डाक्टर अचानक उसे बाजार में मिल गये तो उन्होंने इंजीनियर से कहा कि वह अपनी बुद्धि तो वापस ले जाये, इंजीनियर ने डाक्टर को उत्तर दिया कि उसे अब बुद्धि की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि उसे सरकारी नौकरी मिल गई है। यह व्यंग्य था कि सरकारी नौकरी में ढ़र्रे पर चलना होता है।

कुछ इसी तरह का आइडिया ÷धन्य है आम आदमी÷ किताब के पहले ही लेख ÷ बुद्धि का बफर स्टाक ÷ में अफरीदी जी बुद्धिराम के मार्फत उलटबांसी में प्रस्तुत करते हैं। देश में बुद्धिजीवी प्रत्येक मुद्दे पर तर्क वितर्क प्रस्तुत करते मिल जाते हैं। नेताओ की मनमर्जी पर रोक वाली बुद्धिवादियों की टिप्पणियों का इंटरफेरेंस बुद्धिराम को बर्दाश्त नहीं। उसका सुझाव है कि ÷ बुद्धि के उपयोग को लेकर अब ठोस नीति बननी चाहिये ÷, बुद्धि की बैंकिंग होनी चाहिये। लेख के छोटे छोटे वाक्यों में व्यंग्यकार के बड़े कटाक्ष देखिये। .. ÷ देश को सुधारना है तो ऐरों गैरों नत्थूखैरों की बोलती बंद करनी होगी। इससे गरीबी, बेरोजगारी, कुपोषण, साम्पदायिकता, जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, गुण्डाराज जैसे मुद्दों पर कोई बात ही नहीं करेगा। विकास तो कोई मुद्दा ही नहीं होगा। ..

अपनी सरकारी सेवाओ में अफरीदी जी स्वयं हमेशा सरकार के विकास का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। शासन के प्रकाशन में कवर पेज पर आम आदमी का मुस्कराता चेहरा उन्होंने बखूबी छापा है। उन्होंने बहुत नजदीक से उस मुस्कराते आदमी के अंतर्मन की पीड़ा को समझा है और उतने ही करीब से उन्होंने सरकारी तंत्र को भी देखा समझा है। अपने व्यंग्य के जरिये इन विरोधाभासों को उन्होंने पुरजोर तरीके से अभिव्यक्त किया है। इसीलिये किताब में धन्य है आम आदमी, दूसरा मरण, यथा राजा तथा प्रजा, तुम केवल श्रद्धा हो, कुर्सियाने के बाद की कथा, लोकतंत्र को कोई खतरा नहीं, चेहरा बदलने की कवायद, नेताजी का विनम्र आदेश, असली आजादी, सरकार से साक्षात्कार, असत्यमेव जयते, नेताजी के अरदास के दिन, गुड गवर्नेंस, अमृत जी की आत्मश्लाघा, मैं भ्रष्ट हूं आदि व्यंग्य रचनायें संग्रहित हैं।

रचनाकारो के कलम से रचे जाते आदर्श रचना संसार और अपनी महत्वाकांक्षा तथा साहित्यिक स्वीकार्यता और सम्मान के लिये समझौंतो के दोहरे व्यक्तित्व से भी अफरीदी जी रूबरू रहे हैं, क्योंकि साहित्यिक जलसों में उनकी साझीदारी ने उनको निकट से साहित्य जगत को समझने के अवसर दिये हैं। इसी से अनुप्राणित उनके व्यंग्य ÷शाल तो ओढ़नी है, तेरे मेरे प्यार के चर्चे हर जबान पर, ख्वाहमखाह क्यों लें हिन्दी सेवा का पंगा, नायाब दोस्त, कुंठा प्रधान लेखक, फेसबुक की फनाफन दुनियां, हिन्दी डे, वे लेखक हैं जो लिखते हैं पढ़ते नहीं, आदि लेख संग्रह का हिस्सा हैं। अफरीदी जी के अधिकांश व्यंग्यों की शैली कथ्यात्मक है. उमंग भरे उठावने एक भिन्न शैली में नाटकीय दृश्यों के वर्णन वाला व्यंग्य है।

# भ्रष्टाचार की नीव पर खड़ अटालिका टूविन टॉवर चंद सेकेण्डों मे धराशाही हो गया

विनोद तकियावाला



भारतीय इतिहास के पन्नों 28 अगस्त 22 का यह दिन नया अध्याय के जुड़ गया।इस दिन को आने वाले पीढ़ी याद कर कुछ सोचने,सीखने के मजबूर होगा ! बचपन से हम व आप एक कहावत सुनते आ रहे कि आवश्यकता ही अविष्कार की जननी है।भौतिकबादी इस युग में आधुनिक मानव निर्माण करते करते स्वंय विध्वंस को भी आमंत्रित करता है।भले वह अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए गलत तरीके व अपराध-भ्रष्टाचार का सहारा क्यूं ना लेना पडे।कुछ ऐसा ही सपना एक बिलडर के सी ई ओ ने नोएडा प्राधिकरण की मिली भगत से अपने एक प्रोजेक्ट में अपने ग्राहको को आसमान से धरती को निहारने के हसीन ख्वाब ना केबल दिखाया ब्लकि भष्टाचार के बुनियादी पर दिल्ली के कुतूब मीनार से 103 मीटर ऊंची दो ईमारत खडी कर दी।लेकिन उपर वाले को यह मंजूर नही थी। यह प्रोजक्ट कानून दॉव पेज की गुथ्थी में ना केवल उलझनी गयी बल्कि देश के सर्वोच्च न्यायालय में बिलडर क खिलाफ फैसला दिया।माननीय उच्चतम न्यायालय ने दोनों इमारतों को ध्वस्त करने का आदेश दिया।सारी प्रकिया पुरी होने के बाद पुर्व निधारित तिथि व समय पर पलक झपकते ही जमीदोश कर दिया गया।भ्रष्टाचार की नींव पर खडी दोनो टॉवर जो गगन से बात कर रहे थे।इनका गुमान बारूद के साथ धुआं बनकर फिजाओं में गुम हो गया।आप को बता दे कि दोनों टॉवरों को ध्वस्त करने के लिए 3,700 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। घटनास्थल पर प्रेस कवरेज करने वाले प्रत्यक्ष दर्शी के अनुसार आसपास की सोसायटियों के कई घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए।जैसे भूकंप आ गया।तेज आवाजऔर धूल के गुबार को देखकर ऐसा महसूस हुआ,जैसे पूरा इलाका ही मिट्टी में मिल गया। हालाकि ट्विन टॉवरों को गिराने के लिए पूर्व तैयारी की गई थी।इसके लिए लगभग छह महीने तक गहन रिसर्च किया गया ।चेन्नई के आई आर्ड टी विशेषज्ञों की टीम के साथ एडिफिस कंपनी और साउथ अफ्रीका की जेट डिमॉलिशन प्राइवेट लिमिटेड की टीमों ने दिनों रात मेहनत कर रही थी।कई दिनों के मॉक ड्रिल के बाद एडिफिस कंपनी ने सुप्रीम कोर्ट से डिमॉलिशन के लिए और वक्त की मांग की थी।टीम को भी यह महसूस हो गया था कि वह इस काम को जितना आसान मान रहे थे, उतना है यह नहीं।विशेषज्ञों की टीम की गहन अध्यन के वाद दोनों टॉवरों को सुरक्षित गिराने के लिएअतिरिक्त विस्फोटकों का इस्तेमाल करने का फैसला किया।

आखिकार वह इम्तियान की वह घड़ी दक्षिण अफ्रीका की जेट डिमॉलिशन प्राइवेट लिमिटेड, भारत की एडिफिस कंपनी व चेन्नई के आई आई टी विशेषज्ञों के लिए आ गया।दक्षिणीअफ्रीका की जेट डिमॉलिशन प्राइवेट लिमिटेड के निंदेशक जो बिक्समैन,आईआईटी चेन्नई के विशेषज्ञ और भारत की एडिफिस कंपनी के इंडियन ब्लॉस्टर चेतन दत्ता, परियोजना अभियंता मयूर मेहता और उत्कर्ष मेहता की धड़कनें बढ़ने लगी जैसे 28 अगस्त-2022, दिन रविवार को घड़ी की सूई दोपहर दो बजकर 30 मिनट पर पहुंची,एक सायरन बजा।एडिफिस के इंडियन ब्लास्टर चेतन दत्ता ने रिमोट का बटन दबाया।फिर तीन सेकेंड के भीतर दो जोरदार धमाके हुए।भ्रष्टाचार के बुनियाद पर खड़ी 'रावण व मेघनाद % गगन से बात कर रही दो इमारतें को धरती ने अंहकार को अपने आगोश में ले लिया। सर्व विदित रहे कि

नोएडा के सियान और एपेक्स टावर में विस्फोट के दौरान प्राइमरी और सेकेंडरी विस्फोट के बीच तीन सेकेंड का अंतर था। विस्फोट के 9 सेकेंड के भीतर दोनों टावर मलबे में तब्दील हो गए।ट्विन टावरों के जमीन पर गिरने के साथ ही धूल के गुबार ने आसमान को छूने की कोशिश की। प्रत्यक्ष दर्शी के अनुसार लगभग 10 किलोमीटर दूर तक देखा गया।हालाकि नोएडा प्राधिकरण ने धूल से बचाने के लिए आसपास के सोसायटी को प्लास्टिक की शीट से कवर किया गया था।नोएडा के सेक्टर-93 ए स्थित एमराल्ड कोर्ट व एटीएस विलेज सोसायटी में रहने वाले लोगों को अपने वाहनों के साथ परिसर को सुबह 7 बजे ही खाली करा दिया गया था।

दोनों टॉवरों को ध्वस्त करने के लिए 3,700 किलोग्रामविस्फोटक का इस्तेमाल किया गया।धमाके से आसपास की सोसायटियों के कई घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए।गगनचुंबी इमारतों के गिरते ही लगा,जैसे भूकंप आ गया।तेज आवाज और धूल के गुबार को देखकर एक बारगी महसूस हुआ,जैसे पूरा इलाका ही मिट्टी में मिल गया।इस मिशन को सफल बनाने के लिए सुरक्षा के लिए एक्सप्लोजन जोन में 560 पुलिसकर्मी,रिजर्व फोर्स के 100 जवान और चार त्वरित टीम के अलावा एनडीआरएफ टीम को तैनात किया गया था।दोपहर 2.15 बजे नोएडा-आगरा एक्सप्रेस-वे को यातायात बंद कर दिया गया।आधे घंटे बीतने और धूल हटने के बाद पुनःइसे चालू किया गया।डिमॉलिशन के मद्देनजर ट्विन टावर के पास की दो सोसायटी में रसोई गैस और बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई थी।धूल के नुकसान से आम लोगों को बचाने के लिए 15 स्मॉग गन लगाई गई थी।हवा में प्रदूषण मापने के लिए छह एयर क्वालिटी इंडेक्स मशीनें लगाई गई थीं।इसके अलावा किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए शहर के छह हॉस्पिटल को स्टैंड बाय पर रखा गया था। किसी आपातकाल के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए थे।मौके पर एम्बुलेंस की भी तैनाती की गई थी। नोएडा के ट्विन टावर के ध्वस्तीकरण पर जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर रहा। खुद डीएम सुहास एलवाई और ज्वाइंट कमिश्नर लव कुमार मौके पर मौजूद थे।

ट्विन टावर्स को गिराने में करीब 18 करोड़ रुपये का खर्च आया है।जो सुपरटेक को ही उठाना है।इसके पहले कुल 950 फ्लैट्स के इन दो टावर्स को बनाने में सुपरटेक 200 से 300 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है।गिराने का आदेश जारी होने से पहले इन फ्लैट्स की बाजार मूल्य बढ़कर 700 से 800 करोड़ तक पहुंच चुकी थी। ये वैल्यू तब है, जबकि विवाद बढ़ने से इनकी कीमते कम हो गई थी।

सुपरटेक ने इस नुकसान से बचने की भरसक कोशिश की। कोर्ट में तमाम तरह की दलीलें दी थीं, जिसमें एक टावर गिराकर वहां दूसरे को खड़े रहने का विकल्प भी सुझाया था।लेकिन सुप्रीम अदालत ने उसकी सभी दलीलों को सिरे से खारिज कर दिया था।

## राष्ट्रीय एकता में बाधक तत्व

आर्थिक और सामाजिक असमानता राष्ट्रीय एकता में बहुत बड़ी बाधा है। उस असमानता का मूल है अहं और स्वार्थ। इसलिए राष्ट्र की भावात्मक एकता के लिए अहं-विसर्जन और स्वार्थ-विसर्जन को मैं बहुत महत्व देता हूं। जातीय असमानता भी राष्ट्रीय एकता का बहुत बड़ा विघ्न है। उसका भी मूल कारण अहं ही है। दूसरों से अपने को बड़ा मानने में अहं पुष्ट होता है और आदमी अपने-आप में संतोष का अनुभव करता है। अहं का विसर्जन किए बिना जातीय भेद का अंत नहीं हो सकता। मनुष्य जन्मना मनुष्य का शत्रु नहीं है। एक पेड़ की दो शाखाएं परस्पर विरोधी कैसे हो सकती हैं? फिर भी यह कहा जाता है कि धर्म-संप्रदाय मनुष्यों में मैत्री स्थापित करने के लिए प्रचलित हुए हैं। उनमें जन्मना शत्रुता नहीं है, फिर मैत्री स्थापित करने की क्या आवश्यकता हुई? मैं फिर इस विश्वास को दोहराना चाहता हूं कि मनुष्य-मनुष्य में स्वभावत- शत्रुता नहीं है। वह निहित स्वार्थ वाले लोगों द्वारा उत्पन्न की जाती है। उसे मिटाने का काम धर्म-संप्रदाय ने प्रारंभ किया, किंतु आगे चलकर वे स्वयं निहित स्वार्थ वाले लोगों से घिर गए और मनुष्य को मनुष्य का शत्रु मानने के सिद्धांत की पुष्टि में लग गए। इस चिंतन के आधार पर मुझे लगता है कि सांप्रदायिक समस्या का मूल भी अहं और स्वार्थ को छोड़कर अन्यत्र नहीं खोजा जा सकता। इसलिए सांप्रदायिक वैमनस्य की समस्या को सुलझाने के लिए भी अहं और स्वार्थ का विसर्जन बहुत आवश्यक है। भाषा, जो दूसरों तक अपने विचारों को पहुंचाने का माध्यम है, को भी राष्ट्रीय एकता के सामने समस्या बनाकर खड़ा कर दिया जाता है। अपनी भाषा के प्रति आकषर्ण होना अस्वाभाविक नहीं है। पर हमें इस तथ्य को नहीं भुला देना चाहिए कि मातृभाषा के प्रति जितना हमारा आकषर्ण होता है।

## भ्रष्टाचारियों और रिश्वतखोरों का ब्रह्मास्त्र बना मानहानि कानून ?

सनत कुमार जैन



पिछले कुछ वर्षों में भ्रष्टाचारियों और रिश्वतखोरों के लिए मानहानि कानून, ब्रह्मास्त्र की तरह उन्हें सुरक्षित बना रहा है। विशेष रूप से राजनेताओं को मानहानि कानून का जो कवच मिला है। उससे वह पूरी तरह सुरक्षित हो गए हैं। मानहानि के प्रकरण दायर कर अथवा मानहानि का नोटिस भेजकर अपने खिलाफ उठ रही आवाजों को बंद कराने मैं मानहानि कानून बड़ा सहायक हो गया है। जिस राजनीतिक दल और संगठन के देशभर में कार्यकर्ता और समर्थक हैं। उनके लिए तो यह कानून अपने विरोधियों को चुप कराने के लिए सबसे महत्वपूर्ण शस्त्र बन गया है। करोड़ों रुपए का मानहानि का प्रकरण दायर कर दो। न्यायालय में इसके लिए कोई फीस नहीं लगती है। न्यायालय में जिसके खिलाफ प्रकरण दर्ज होता है। उसे उपस्थित होकर सबसे पहले जमानत करानी पड़ती है। उसके बाद हर पेशी में उपस्थित रहना, उसकी बाध्यता होती है। हर माह पेशियां पड़ती हैं। राजनेताओं, अभिनेताओं, बड़े बड़े अधिकारी के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के खिलाफ बोलना, अब सबसे बड़ा अपराध हो गया है। हर कोई अपनी सफाई देने के स्थान पर मानहानि का नोटिस भेजकर अपने आरोपों को दबाने का काम करता है। उल्टे उसे धमकाना शुरू कर देता है। न्यायालय से जमानत पर आरोपी को अपराधी और मुलजिमो की तरह पेश किया जाता है। पिछले वर्षों में एक ही आरोप पर देश के कई राज्यों की कई न्यायालयों में मानहानि का मुकदमा दर्ज हो जाता है। जिस व्यक्ति के खिलाफ मानहानि का मुकदमा होता है। न्यायालय में जो पेशी पड़ती है, उसमें उपस्थित हो पाना उसके लिए संभव ही नहीं होता है। जिसके कारण गिरफ्तारी वारंट निकलते हैं। अपनी बात बोलने की इतनी बड़ी सजा आरोप लगाने वालों को मिल जाती है। जिससे वह मामले का फैसला आने का इंतजार भी नहीं कर पाते हैं। प्रताड़ित होकर माफी मांगने के लिए विवश हो जाते हैं।

सत्तारूढ़ दल के राजनेताओं और भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ तथ्यों के होते हुए भी इस कानून के कारण अब आम आदमी बोलने से डरने लगा है। जिसके कारण भ्रष्टाचार अथवा रिश्वतखोरी के काम में बिना किसी भय के और भ्रष्टाचार करते हैं।

पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी के बीच में तुम डाल-डाल, हम पात - पात की तर्ज पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल पड़ा है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना के खिलाफ नोटबंदी के दौरान 1400 करोड़ रुपए बदलने का आरोप लगाया है। आम आदमी पार्टी के नेता ईडी और सीबीआई से जॉच कराने की मांग कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर शराब घोटाले का आरोप लगाया है। जिसकी सीबीआई जांच कर रही है। हाल ही में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मानहानि का मुकदमा दायर करने की बात कही है। उन्होंने आरोपों के संबंध में कोई सफाई नहीं दी है। केन्द्र सरकार ने आम आदमी पार्टी की मांग अनसुनी कर दी है। वहीं आम आदमी पार्टी ने सीबीआई से जॉच करने की मांग को लेकर सीबीआई मुख्यालय पर धरना दे दिया। मानहानि का मुकदमा दायर करने के पश्चात जिसके खिलाफ मुकदमा दायर हुआ है। उसे हर पेसी में न्यायालय में उपस्थित होना अनिवार्य होता है। एक भी पेशी में उपस्थित नहीं होने पर उसके खिलाफ वारंट निकल जाता है। एक ही व्यक्ति के खिलाफ एक ही मामले में कई स्थानों पर मानहानि के मुकदमे दायर हो जाते हैं। वकील की नियुक्ति करनी पड़ती है। सैकड़ों और हजारों किलोमीटर की यात्रा करके न्यायालय में उपस्थित होना पड़ता है। कई मामलों में संगठन के कार्यकर्ता मानहानि की पेशी में शामिल होने वाले व्यक्ति के खिलाफ प्रदर्शन करते हैं, धमकी देते हैं। ऐसी स्थिति में अब आम आदमी अथवा कोई भी व्यक्ति भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी के खिलाफ अपनी बात कहने से डरता है। कई मामलों में न्यायालयों ने सरकारी कार्यालयों में उपलब्ध रिकॉर्ड को आरोपी को बचाव में पेश करने के लिए अनुमति नहीं दी। जिसके कारण उसे अपनी बात प्रमाणित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मानहानि कानून अब भ्रष्टाचारियों और रिश्वतखोरी के लिए सुरक्षा कवच बन के सामने आया है।

## उत्तम शौच धर्म

### सूडोकु नवताल- 6181
★★★✫☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल 6180 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन



उत्तम शौच का अर्थ है पवित्रता। आचरण में नम्रता, विचारों में निर्मलता लाना ही शौच धर्म है। बाहर की पवित्रता का ध्यान तो हर कोई रखता है लेकिन यहां आंतरिक पवित्रता की बात है। आंतरिक पवित्रता तभी घटित होती है जब मनुष्य लोभ से मुक्त होता है।

शौच धर्म कहता है कि आवश्यक्ता, आकांक्षा, आसक्ति और अतृप्ति के बीच को समझकर चलना होगा क्योंकि जो अपनी आवश्यक्ताओं को सामने रखकर चलता है वह कभी दुखी नहीं होता और जिसके मन में आकांक्षाएं हावी हो जाती हैं वह कभी सुखी नहीं होता। हावी होती हुई आकांक्षाएं आसक्ति(संग्रह के भाव) की ओर ले जाती है और आसक्ति पर अंकुश न लगाने पर अतृप्ति जन्म लेती है, अंततः प्यास, पीड़ा आतुरता और परेशानी बढ़ती है ।

धर्म पथ पर चलते हुए मन में, विचारों में और आचरण में शुद्वता लानी होगी। कषाय को, लोभ को और मलिनता को कम करना होगा। धनाकांक्षा,भोगाकांक्षा, दुराकांक्षा और महत्वाकांक्षा इनकी तीव्रता से अपने आप को बचाकर ही उत्तम शौच धर्म को अपने आचरण में लाया जा सकता है।

शौच का अर्थ शुचिभूत होना अर्थात् काल से आत्मा सप्तधातु मय शरीर के संसर्ग से अपवित्र कहलाता है। इस अपवित्र शरीर से भिन्न जो शुद्धात्मा का ध्यान करके उसी में रत रहता है तथा जो मैं सदा शुद्ध बुद्ध हूँ, निर्मल हूँ, स्फटिक के समान हूँ, मेरी आत्मा अनादि काल से शुद्ध है इस तरह हमेशा अपने अंदर ही ध्यान करता है वह शुचित्व है। आत्मा का स्वरूप ही शौच धर्म है। इसीलिए ज्ञानी महामुनि इसी का ध्यान करते हैं। बाह्य शारीरादि की शुद्धि करना, स्नान करना गंगा यमुना आदि नदी, तालाब या समुद्र इत्यादि में स्नान करके जो लोग अपने को शुचि मानते हैं वे केवल बाह्य शुचि ये शुद्ध हैं, परंतु वह शरीर की शुचि अधिक देर तक कहाँ टिक सकती है ? अगर इसको सदा किसी नदी या तालाब में डुबोकर रक्खोगे तो भी यह सप्त-धातु मय महान् अपवित्र दुर्गन्धमय शरीर कभी शुद्ध नहीं हो सकता। आजकल के बहुत से लोग शरीर को पवित्र करने के लिए कई घंटे तक आठ आठ दस दस बाल्टी तक पानी से स्नान करने में लगे रहते हैं, साबुन से खूब रगड़रगड़ कर स्नान करते हैं और खूब तेल फुलेल, चंदन के उबटन, सुगंधित गुलाब, चम्पा, चमेली, केवड़ा एवं और भी अन्य अनेक प्रकार के फूलों के हार इत्यादि से शरीर की सजावट करते हैं, परंतु पाँच मिनट या दस मिनट में ही उन सुगंधित फूलों का हार, अच्छे-अच्छे कपड़े तथा सोने के जेवर इत्यादि को खराब कर देता है और फूल माला इत्यादि तुरंत ही अपवित्र शरीर के स्पर्श से निर्गन्ध हो जाते हैं।

अनादि काल से आत्मा के साथ लगे हुए क्रोध, मान, माया, लोभ इत्यादि तथा इंद्रिय जन्य दुष्ट वासनाओं को बढ़ाने वाले विषय भोग रूपी विष को वैराग्य या ज्ञान रूपी पानी से आत्मा के ऊपर लगे हुए कर्म मल को बारम्बार धोना चाहिये और उसमें पुनः बाह्य विषयादि खोटी भावनाओं तथा शुद्धात्म भावना को मलिन करने वाली मायाचार आदि भीतरी कुभावनाओं को त्यागकर शुद्धता का प्रयत्न करना ही उत्तम शौच धर्म है। बहुत से लोग भीतरी कुवासनाओं को न धोकर बाहर शरीर की शुद्धि मानते हैं पर जब तक अन्तरंग शुद्धि नहीं होगी तब तक शरीर की शुद्धि काम नहीं कर सकती।

**कहा भी है कि-**

**एवं विहं पि देहं, पिच्छता विय कुणन्ति अनुरायं।**

**सेवंति आयरेण य, अलद्धपुव्वत्ति गण्णंता।।86।।**

अर्थात्- इस तरह पहले कहे हुए के अनुसार अशुचि शरीर को प्रत्यक्ष देखता हुआ भी यह मनष्य उसमें अनुराग करता है। जैसे ऐसा शरीर पहले कभी न पाया हो, ऐसा मानकर आदर पूर्वक इसकी सेवा रात-दिन करते हुए अज्ञानी संसारी प्राणी उसी को सुख व अपनी आत्मा मानते हुए संसार में परिभ्रमण करते हुए अनंत दुःख उठा रहे हैं।

## नादान जीवन



कुछ नादानियां
कुछ अठखेलियां
बाकी है मुझ में ।
क्षण-क्षण घूमती
मृत्यु के बीच में
जीवांत जीवन
बाकी है मुझ में।
झूठ के चलते बवंडर में
सत्य का
जलता हुआ दीपक
बाकी है मुझ में।
जीवन मृत्यु के बोध में
हे!ईश्वर तेरा ध्यान
बाकी है मुझ में।

राजीव डोगरा
(भाषा अध्यापक)
गवर्नमेंट हाई स्कूल ठाकुरद्वारा
पता-गांव जनयानकड़
पिन कोड -176038
कांगड़ा हिमाचल प्रदेश
9876777233
rajivdograv@gmail.com

मौलिकता प्रमाण पत्र
मेरे द्वारा भेजी रचना मौलिक तथा स्वयं रचित जो कहीं से भी कॉपी पेस्ट नहीं है।

# सामग्री खरीदने से पहले एक्सपायरी डेट अवश्य देखः धर्मेन्द्र जैन




**मुरैना।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा ''मिलावट से मुक्ति अभियान'' चलाया जा रहा है। जिसके तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र जैन की उपस्थिति में यह कार्यक्रम मॉडल स्कूल गणेशपुरा मुरैना में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती किरन सेंगर, महेन्द्र सुरैया, अनिल प्रताप सिंह परिहार, हरीश राजौरिया, केमिस्ट चलित खाद्य प्रयोगशाला सतेन्द्र तोमर सहित स्कूली सभी छात्रायें एवं शिक्षिकायें उपस्थित थे।

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र जैन ने बताया कि प्रदेश सरकार मिलावट के प्रति सचेत है, मिलावट करने वालों पर कठौर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि बिना देंखे एवं जांच खाद्य पदार्थ न खरीदें। खाद्य पदार्थ को खरीदते समय उत्पादन, तिथि एवं एक्सपायरी तिथि अवश्य देखें। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थ में मिलावट का संदेह होने पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन को शिकायत करें। खाद्य पदार्थ में मिलावट पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत 2 लाख से 10 लाख रूपये तक का जुर्माना एवं 6 माह से आजीवन कारावस सजा का प्रावधान है। श्री जैन ने कहा कि बाजार से खाद्य पदार्थ को खरीदते समय अन्य बिन्दुओं पर भी विशेष ध्यान दें। बिना देंखे, परखे कोई भी सामग्री न खरीदें, विशेषकर चमकीले पदार्थ जैसे-दालें, चावल आदि न खरीदें। विशेषकर आयोडीन वाला ही नमक उपयोग में लायें। श्री जैन ने इस अवसर पर शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को दूध में मिलावट, नमक, तेल, घी, पनीर के आदि के उदाहरण सहित डेमो दिये। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्रायें यह प्रण कर लें, कि मिलावट घर में नहीं आनी चाहिये, अगर आती भी है तो उस पर स्वयं परीक्षण करें, मिलावट की वस्तुयें निकलती है, तो उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करायें। श्री जैन ने कहा कि व्यक्ति को नमक, शक्कर और तेल सीमित मात्रा में ही लेना चाहिये।

## 31वें दिन भी जारी रही अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल

**कैलारस।** नगर की आधी आबादी के लिए शासकीय अस्पताल आने जाने का रास्ता कृष्ण मार्ग से हो करके ही गुजरता है। यह परंपरागत रास्ता है। जो गत 50 वर्षों से आवागमन का एक मात्र सर्वसुलभ मार्ग है लेकिन ब्रॉडगेज के निर्माण कार्य के चलते उत्त परंपरागत रास्ते के बंद होने की स्थिति निर्मित हो गई है। हजारों नागरिक



गण शासन और प्रशासन से इस रास्ते को अस्पताल के लिए पूर्वानुसार निरंतर जारी रखने की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में आज 31वें दिन भी भूख हड़ताल जारी रही। भूख हड़ताल पर बैठने वालों में डॉ दशरथ कुशवाह, राकेश सिंह सिकरवार, अमरसिंह जाटव, राहुल परिहार प्रमुख रहे। इनको माल्यार्पण कर बिठाने वालों में बनवारी लाल खटीक, हलकेराम जाटव, नरेश जाटव, सचिन कैमोर, कपूर खान, मिथुन जाटव, सलमान खान, कमला देवी, मीना जाटव प्रमुख रूप से आंदोलन स्थल पर उपस्थित रही। इस मामले में मंत्री गण, अधिकारीगणों को ज्ञापन व पत्र भेजे गये हैं। अभी हाल ही में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा अध्यक्ष रेलवे बोर्ड को पत्र लिखा है। इससे पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री ने भी रेल मंत्री को पत्र भेजा है। कलेक्टर मुरैना द्वारा अभियंता निर्माण उत्तर मध्य रेलवे को पत्र भेजा गया है। पत्राचार लगातार जारी है। लेकिन अभी तक रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। नागरिकों की मांग है लोकहित को दृष्टिगत रखते हुए अस्पताल, श्मशान और कब्रिस्तान के परम्परागत मार्ग को बहाल रखा जाए।

## नव नियुक्त जिला संयोजक भाजपा विधि प्रकोष्ठ किया स्वागत

**मुरैना।** लोकेन्द्र सिंह तोमर एडवोकेट नव नियुक्त जिला संयोजक भाजपा विधि प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश का जिला अभिभाषक संघ मुरैना द्वारा जिला न्यायालय मुरैना में स्वागत किया गया, जिसमें अभिभाषक संघ के जिला अध्यक्ष हरी सिंह सिकरवार एवं सह सचिव रविंद्र सिंह बैसला, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष केदार सिंह यादव, विजय सिंह सिकरवार, रामनिवास सिकरवार, अजमेर सिंह यादव, जयनारायण तोमर, गिरधारी डंडोतिया, महेंद्र अग्रवाल, रामभजन पाल, रामकुमार शर्मा, रामवीर राजपूत, योगेन्द्र असैया, विनय पाण्डेय, भूपेंद्र सिकरवार, रविन्द्र बैसला, राघवेंद्र तोमर, रामवीर दौनेरिया, निक्की बघेल, विपिन शर्मा, भरत शर्मा और अन्य अधिवक्ताओं ने स्वागत कर शुभकामनायें प्रदान की।



## ब्रजकिशोर भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ नर्मदा पुरम के संभागीय प्रभारी नियुक्त

**मुरैना।** भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ की अहम बैठक विगत दिनों प्रदेश भाजपा कार्यालय मैं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ नेतृत्व की सहमति से सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर ने सहकारिता प्रकोष्ठ के सह संयोजकों संभागीय प्रभारी की जिम्मेदारी दी, जिसमें सहकारिता प्रकोष्ठ के सह संयोजक बृजकिशोर दंडोतिया को नर्मदा पुरम का संभागीय प्रभारी नियुक्त किया। श्री दंडोतिया की नियुक्ति पर जिले के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्याप्त है। हर्ष जताने वालों में रामअवतार शर्मा, सरदार सिंह गुर्जर, रामेश्वर सिंह गुर्जर, द्वारिका सिंह कंसाना, रामलखन छाबई, पान सिंह बघेल, विपिन दंडोतिया, दिलीप मिश्रा, भूपेंद्र सिकरवार, राजपाल यादव, अनार सिंह कुशवाह, मनोज मिश्रा, मोरसिंह गुर्जर, सुनील दंडोतिया, राजवीर गुर्जर, बल्ली गुर्जर, चंद्रभान सिंह, धर्मेंद्र दंडोतिया, बंटी पटेल, मदन जाटव, परशुराम लहरी, लाखन सिंह बघेल, विष्णु बघेल, आकाश रजक आदि कार्यकर्ता शामिल हैं।



# हाई स्कूल परीक्षा में परीक्षा दे रहे फर्जी परिक्षार्थीयों को 02 वर्ष का सश्रम कारावास

**मुरैना।** न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तहसील जौरा, जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी सोनू धाकड पुत्र हरीसिंह धाकड, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम हटीपुरा थाना पहाडगढ, जिला मुरैना म.प्र. को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 419 सहपठित धारा 120-बी में 02 वर्ष के सश्रम कारावास व 500 रूपये के अर्थदण्ड व आरोपी, भूपसिंह उर्फ भूपेन्द्र सिंह धाकड पुत्र रामनिवास, उम्र- 28 वर्ष निवासी ग्राम हटीपुरा थाना पहाडगढ, जिला मुरैना को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 419 में 02 वर्ष का सश्रम कारावास व 500 रूपये अर्थदण्ड व म.प्र. मान्यता प्राप्त परीक्षा अधिनियम की धारा 04 में 01 वर्ष का सश्रम कारावास व 500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी/मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि घटना इस प्रकार है कि 07 मार्च 2014 को परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि. पहाडगढ पर माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल परीक्षा 2014 का गणित विषय का प्रश्न पत्र था, जिसमें कक्ष क्रमांक 09 में परीक्षार्थी सोनू पुत्र हरीसिंह निवासी हटीपुरा के स्थान पर फर्जी परीक्षार्थी के रूप में भूपेन्द्र धाकड पुत्र हरीसिंह धाकड निवासी हटीपुरा को परीक्षा देते हुये पकडा गया, पूछताछ करने पर परीक्षार्थी ने स्वीकार किया कि वह अपने भाई के स्थान पर परीक्षा दे रहा है। उक्त घटना के संबंध में फरियादी/सूचनाकर्ता द्वारा थाना पहाडगढ में रिपोर्ट की गई। फरियादी/सूचनाकर्ता की उक्त रिपोर्ट पर आरोपीगण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। आवश्यक विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर आरोपीगण को दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी लखनलाल आर्य, सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी, तहसील जौरा, जिला मुरैना द्वारा की गई।

## कर्ज के मकड़जाल में फंस रही है युवा पीढ़ी

**अंबाह।** तमाम कवायदों के बाद भी अंचल में सूद पर कर्ज देने का कारोबार बड़े पैमाने पर फल फूल रहा है। सूद पर कर्ज लिया व्यक्ति ब्याज के मकड़जाल में इस कदर फंस गया है कि चाह कर भी नहीं निकल पा रहा है। प्रशासन भी इस ओर से आंखें मूंदे है। शिकायत के बावजूद सूद पर कर्ज देने वालों के खिलाफ न तो कार्रवाई की जा रही है और न ही ऐसे लोगो के कागजात या लाइसेंस चेक किए जा रहे हैं। जानकारी रहे कि अंबाह में कल कारखाने, रोजगार का सर्वथा अभाव है। यहां का गरीब तबका पूरी तरह खेती मजदूरी पर आश्रित है, ऐसे में गरीब तबका पांच - दस हजार रुपए इकट्ठा नहीं कर पाता। मेहनत मजदूरी कर पेट पालना भी कठिन हो जाता है। पुत्री की शादी हो या बच्चों की पढ़ाई-लिखाई। बीमारी से ग्रसित होने के साथ ही रोजगार की चाह में गरीब तबका सूद पर कर्ज लेने को विवश हो जाता है। गरीब आदमी भारी भरकम ब्याज पर लिए गए कर्ज से आवश्यकताओं की पूर्ति तो कर लेता है पर ब्याज इतना अत्यधिक होता है कि जी तोड़ मेहनत के बाद भी हफ्ते में ब्याज की भरपाई करने में ही परेशान हो जाता है। कर्जदार का मूल धन जैसे के तैसे पड़ा रहता है। सूदखोरों के मकड़जाल में फंसा गरीब तरक्की करने के बजाय सूद के दलदल में फंसकर जिंदगी बरबाद कर रहा है। तहसील क्षेत्र का शायद ही कोई ऐसा गांव या मोहल्ला हो जहां कथित दबंग सूदखोरों के चंगुल में गरीब तबका न हो। सूत्रों की माने तो कथित दबंग कर्ज की वसूली के साथ ही नए ग्राहकों को कर्ज देने के लिए आवश्यक प्रपत्रों पर हस्ताक्षर कराकर कर्ज देने का काम करते हैं। सूद में जकड़ा व्यक्ति चाह कर भी इनसे छुटकारा नहीं ले पाता। सूत्र बताते है कि दबंग सूदखोर अशिक्षित व गरीब तबके के बीच ही अपना जाल फैलाए हुए हैं। हजारों गरीब तबका इनके मकड़जाल में फंसा हुआ है।

## देश को वैश्विक महाशक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ाएगा आईएनएस विक्रांत



**मुरैना।** स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत उन प्रयासों का नतीजा है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश को सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर, सक्षम और सशक्त बनाने के लिए शुरू किए हैं। आईएनएस विक्रांत का नौसेना में शामिल होना देश को वैश्विक ताकत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथसिंह तथा विक्रांत के डिजाइन और निर्माण से जुड़े वैज्ञानिकों, इंजीनियरों तथा तकनीशियनों का आभार जताता हूं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता ने शुक्रवार को आईएनएस विक्रांत को प्रधानमंत्री द्वारा नौसेना में शामिल किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कही। जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता ने कहा कि 75 प्रतिशत स्वदेशी तकनीक और उपकरणों से आईएनएस विक्रांत के निर्माण के साथ ही दुनिया के उन चार देशों में शामिल हो गया है, जो इतने विशाल विमानवाहक पोत को तैयार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि अवसर और उचित प्रोत्साहन मिले, तो भारतीय इंजीनियर्स और वैज्ञानिक दुनिया के किसी भी देश से पीछे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस विशाल और ताकतवर पोत के नौसेना में शामिल होने से हमारी नौसेना हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मिल रही चुनौतियों का सामना और अधिक सक्षमता से कर सकेगी तथा तेजी से उभर रही एक सैन्य महाशक्ति के रूप में भारत का दबदबा सारी दुनिया में बढ़ेगा।

# दिल्ली में महंगाई के खिलाफ हल्ला बोल महारैली में मुरैना से जाएंगे हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता

**मुरैना।** वर्ष 2013-14 का वह दौर याद कीजिए, जब पीएम मोदी जी देश के युवाओं और आम लोगों को कैसे-कैसे सपने दिखा रहे थे। अपने लगभग हर भाषण में वादा करते थे कि सत्ता में आते ही बेरोजगारी और महंगाई को खत्म कर देंगे। बहुत हुई महंगाई की मार, जैसे नारों की गूंज हर जगह सुनाई दे रही थी। आज उन्हें सत्ता में आए 8 साल से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन महंगाई और बेरोजगारी कम होने की बजाय आसमान छू रही है। उनकी विफल आर्थिक नीतियों के कारण देश में महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर है। बीते 14 महीनों से महंगाई दर दोहरे अंकों में है। पेट्रोल, डीजल, सीएनजी एवं रसोई गैस से लेकर अनाज, दालें, कुकिंग ऑयल जैसी जरूरी चीजों की कीमतें भी आसमान छू रही है। मोदी सरकार द्वारा आटा, चावल, दही, पनीर, शहद जैसी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी लगाने से महंगाई और बढ़ी है, इस सरकार की बेशर्मी देखिए बच्चों के लिए पेंसिल और शार्पनर से लेकर हॉस्पिटल बेड एवं शमशान घाट के निर्माण पर भी जीएसटी लगा दी है।

भाजपा की हिटलर साही सरकार के विरोध में 4 सितंबर को रामलीला मैदान दिल्ली में होने जा रही महारैली में शहर जिला कांग्रेस मुरैना के नेतृत्व में मुरैना से 3 सितंबर रात 9 बजे हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली के लिए कूच करेंगे। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक शर्मा ने अपील की हैं



कि रामलीला मैदान दिल्ली में महंगाई के खिलाफ



महारैली में समस्त सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, महापौर, सभापति, मोर्चा संगठनो एवं विभागों के जिलाध्यक्षगण, ब्लॉक अध्यक्षगण, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, सेवादल, एन.एस.यू.आई, आई.टी. सैल, वरिष्ठ कांग्रेसजन, पार्षद, पूर्व पार्षद, वार्ड प्रभारी एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर होने वाली रैली को सफल बनाएं।

**सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ राजकुमार शर्मा पहुंचेंगे दिल्लीः** मुरैना। देश में बढती बेरोजगारी ओर रिकॉर्ड तोड़ महंगाई के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने देश का नेतृत्व कर रही भाजपा सरकार के खिलाफ दिनांक 4 सितंबर 2022 रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में महंगाई पर हल्ला बोल रैली के आयोजन में शामिल होने आह्वान किया है। इस देश व्यापी रैली में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव राजकुमार शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ 3 सितंबर 2022 की रात को दिल्ली रवाना होंगे। इस हल्ला बोल रैली को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी संबोधित करेंगे। इस रैली में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सभी कार्यकर्ताओ, पदाधिकारियों समाजसेवी एवं आम जनता से ट्रेन, बस या निजी वाहनों से दिल्ली पहुंचने की अपील की है। कांग्रेस की हल्ला बोल रैली के बाद भारत जोड़ो यात्रा प्रारंभ होगी। यह यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3570 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।

# राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का सरेआम हो रहा अपमान, प्रशासन बेखबर

**मुरैना।** केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा 15 अगस्त पर 3 दिन के लिए घर-घर तिरंगा योजना लागू की गई थी और 3 दिन तक ध्वज फहराने के लिए नियम कानून भी बताए गए थे, इस दौरान मुरैना में आज भी तमाम इमारतों पर झंडे की दुर्गति हो रही है तो वहीं यात्री बसों पर फटे हुए झंडे अभी भी लहरा रहे हैं। तिरंगे का इस तरह अपमान प्रशासन मूकदर्शक बना देख रहा है और कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।




मोदी सरकार द्वारा घर-घर तिरंगा योजना चलाई गई थी और यह 3 दिन के लिए लागू की गई, जिसमें हर घर तिरंगा के साथ-साथ वाहनों पर भी तिरंगे लगाए गए। तमाम इमारतों एवं मकानों से अभी भी झंडे नहीं उतारे गए हैं और उनकी दुर्गति हो रही है, तो वहीं वाहनों पर परिवहन विभाग द्वारा झंडे लगवाए गए, लेकिन परिवहन विभाग एवं जिला कलेक्टर ने वाहन मालिकों द्वारा किए जा रहे झंडे के अपमान को लेकर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है। शुक्रवार को एमएस रोड पर देखने में आया कि तमाम यात्री बसों एवं अन्य वाहनों पर तिरंगा झंडा अभी भी लगा हुआ है और झंडे की दुर्गति यह कि वह फटे हुए हैं, लेकिन लहरा रहे है, यह देखकर आम जनता सरकार को कोस रही है और जिला प्रशासन की लापरवाही को लेकर लोगों में आक्रोश है।

# कलेक्टर बी कार्तिकेयन को हटाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**-पिछले 5 अगस्त से लगातार चल रहा है क्रमिक आंदोलन सीएम और सिंधिया के सामने काली पट्टी बांधकर कर चुके हैं विरोध**

**मुरैना।** जनता के प्रति गैर जिम्मेदार असंवेदनशील और अभद्र व्यवहार करने वाले कलेक्टर बी कार्तिकेयन को हटाने के लिए पत्रकारों ने बिस्मिल संग्रहालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इससे पहले 28 दिनों से पत्रकारों का क्रमशः आंदोलन चल रहा था, जिसमें मुख्यमंत्री, राज्यपाल और केंद्रीय मंत्रियों सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित न्याय के देवता भगवान शनिदेव को ज्ञापन देकर एवं शहर में हस्ताक्षर अभियान चलाकर जनसमर्थन जुटाते हुए कलेक्टर मुरैना को हटाने की मांग की जा चुकी है और अब 28 दिनों




बाद अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। ज्ञात हो कि मुरैना में आईएएस अधिकारी बी कार्तिकेयन को कलेक्टर पद पर 2 वर्ष का समय होने जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कभी भी कार्यालय से बाहर निकलकर जनता की समस्याओं को जानना नहीं चाहा और पीड़ित जनता ने जब भी अन्याय और शोषण के विरुद्ध कलेक्टर से गुहार लगाना चाही तो उन्होंने अपने अधीनस्थों के भरोसे जनता को छोड़ दिया। यही नहीं मीडिया भी जब जन समस्याओं को लेकर संवाद स्थापित करना चाहती थी तो मीडिया को भी दरकिनार किया गया। गत 5 अगस्त को नगर निगम चुनाव के दौरान मीडिया की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने का हिटलर शाही फरमान बी कार्तिकेयन द्वारा जारी किया गया, जिसके बाद मीडिया ने विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जाहिर की तो पुलिस और प्रशासन ने मिलकर मीडिया के अधिकारों को बलपूर्वक दबाने का प्रयास किया। जिसके खिलाफ मुरैना जिले के पत्रकारों ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए प्रदेश के महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से ज्ञापन और प्रत्यक्ष रूप से संपर्क स्थापित कर असंवेदनशील और गैर जिम्मेदार कलेक्टर बी कार्तिकेयन को हटाने की मांग की लेकिन सरकार की ओर से पत्रकारों की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया। इससे आक्रोशित और कुंठित होकर पत्रकारों ने बिस्मिल संग्रहालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

# पिछोर पुलिस की मिली बड़ी सफलता

### 5 लाख रूपये कीमती 7 मोटर साईकिल बरामद

### आरोपी दीपेश साहू निवासी अछरौनी को चोरी गई 7 मोटर साईकिल के साथ किया गिरफ्तार

**राकेश परिहार पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर ।** पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री राजेश कुमार चंदेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय पिछोर श्री दीपक तोमर के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे वाहन चैकिंग अभियान के दौरान दिनांक 31.08.22 को थाना प्रभारी पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में खनिज नाका नये चौराहा चंदेरी रोड पर वाहन चैकिंग की जा रही थी तभी दौराने वाहन चैकिंग हीरो एच.एफ. डीलक्स मोटर साईकिल क्रं. एमपी33 एमआर 8724 के मोटर साईकिल चालक को




रोककर पकड़ा जो थाना पिछोर के अप. क्रं. 496/22 धारा 379 ता.हि. का मसरुका होने से उक्त वाहन जप्त किया व आरोपी दीपेश पुत्र हेमराज साहू उम्र 19 साल निवासी अछरौनी थाना खनियाधाना को गिरफ्तार किया । आरोपी दीपेश साहू से कडाई से पूछताछ की गई तो आरोपी द्वारा बताया कि ग्राम अछरौनी के गोलु पुत्र गुड्डा साहू व ग्राम नयागाँव के पिन्टू यादव के साथ मिलकर मोटर साईकिल चोरी करते है तथा अछरौनी का गोलु पुत्र गुड्डा साहू चोरी की गई मोटर साईकिलो का सामान बदलकर अन्य लोगो को बेचता है तथा पिन्टू यादव नयागाँव का लोगो को मोटर साईकिल बेचने के काम करता है। आरोपी दीपेश साहू ने पूछताछ पर उक्त मोटर साईकिल समेत अन्य 6 मोटर साईकिलें कस्बा पिछोर व आस पास के



क्षेत्र से चोरी करना स्वीकार किया । आरोपी दीपेश पुत्र हेमराज साहू निवासी अछरौनी द्वारा चोरी की गई 7 मोटर साईकिलों कीमती 5 लाख रूपये करीबन की अपने घर से बरामद कराई है । पकडी गई अन्य 6 मोटर साईकिल मे से एक मोटर साईकिल हीरो ॥स्र डीलक्स क्रमांक स्क्क33 स्क्क4355 थाना पिछोर के अप. क्र. 501/22 धारा 379 भादवि का मसरुका है। आरोपी व्दारा 5 मो. सा. के चैसिस नंबर स्क्क्ष्ट026च्य॥ष्ट01816, रूक्करु॥ 11श्वङ्कष्ठ9 02424, रूक्करु॥ 11ञ्जत्त9क्क41280, रूक्करु॥ 7153॥9त्त09354, स्क्क्ग्र058॥9रु1 5622 है । जप्तशुदा मोटर साईकिल एक ही कम्पनी हीरो ॥स्र डीलक्स है जिनकी कुल कीमत 5 लाख रुपये है। आरोपी पुलिस रिमाण्ड पर दिनाँक 03.09.22 तक है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक गब्बर सिहं गुर्जर , उ.नि. बी.एल. दोहरे, स.उ.नि. शैलेन्द्र सिंह चौहान, स.उ.नि. अमरलाल बंजारा, स.उ.नि. जहान सिंह, प्र.आर. हिमांशु चतुर्वेदी, हीरा सिंह पाल, अरविन्द यादव, राजेन्द्र यादव, राघवेन्द्र चौहान, आर. रूपेन्द्र यादव, राघवेन्द्र पाल, बृजेश राणा, हीरा मौर्य, कमल सिंह, मांगीलाल, बचान तोमर, माधव शंकर, गौरव जाट, प्रदीप कौरव की सराहनीय भूमिका रही ।

## बेतवा नदी के बीच में फसे एक व्यक्ति को शिवपुरी पुलिस ने किया रेस्क्यू।

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी**-आज दिनांक को थाना बामौरकलां पर सूचना प्राप्त हुई की कुछ लोग बेतवा नदी के पास में अपनी भैंस चरा रहे थे रहे थे तभी अचानक नदी में पानी का स्तर बढ़ गया और बीच में टापू पर एक व्यक्ति फस गया जिसका नाम ऑफिसर यादव पुत्र विजय यादव उम्र 22 साल निवासी ग्राम खिसलौनी का होना पाया। पुलिस द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी बामोरकला उप निरीक्षक पुनीत बाजपाई अपनी रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंचे एवं ग्राम खिसलोनी के सरपंच व आमजन के सहयोग से नदी में फंसे व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। इस कार्यवाही मैं थाना प्रभारी बामोरकला उप निरीक्षक पुनीत बाजपेयी, सउनि प्रताप गुर्जर, प्र आर रघुवीर पाल, आर मोहित शर्मा, एनआरएस भज्जू पटरिया की सराहनीय भूमिका रही

## गणेश चतुर्थी महोत्सव में भजन संध्या का हुआ आयोजन



**बेंगलुरू** –श्री विनायक भक्त मंडली जयनगर द्वारा गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में शुक्रवार को आयोजित विशाल भजन संध्या कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत दंपति को सम्मानित करते हुए मंडली के सदस्य गण उपस्थित रहे ।

## श्री सीरवी क्षत्रिय समाज ट्रस्ट भोजापुर वडेर पुणे ने श्री आई माता जी का अवतरण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेणचा**

**पुणे** –सीरवी समाज ट्रस्ट भोजापुर में श्री आई माता जी का अवतरण दिवस भादवी शुद्ध बीज महोत्सव एवं पच्चीसवा वार्षिक सम्मेलन का आयोजन सोमवार तारीख 29-8-2022 को संपन्न हुआ 7संस्था के अध्यक्ष प्रकाश भीकाराम गहलोत ने जानकारी दी कि महोत्सव के पहले दिन रविवार रात्रि 10:00 बजे से पुणे के भोजापुर एरिया में स्थित श्री आई माताजी मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ ,जिसमें मारवाड़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रताप जी खोड एंड पार्टी ने भजनों की प्रस्तुति दी ,भजन संध्या का भारी संख्या में सभी युवाओं, बच्चो एवं महिलाओं ने नृत्य के साथ आनंद लिया ,इस दौरान भामाशाह द्वारा विभिन्न बोलियों का लाभ लिया गया 7 दूसरे दिन



सोमवार को सुबह बोलियों के लाभार्थीयो के कर कमलों द्वारा हवन ,पूजा-अर्चना ,महावस्त्र-बालभोग चढ़ाने के बाद सभी भक्तों की उपस्थिति में महाआरती की गई 7 इसके बाद सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक भजन संध्या व महाप्रसाद का कार्यक्रम चलता रहा जिसमें भारी संख्या में आई भक्तों ने लाभ लिया 7 भजन संध्या में सभी बोली लेने वाले भामाशाहो व बाहर से आए हुए मेहमानों का स्वागत किया गया 7 कार्यक्रम से पहले हुई आमसभा में संस्था के सचिव विनोद रामलाल आगलेचा व उपाध्यक्ष चुन्नीलाल हीराजी राठौड़ ने गत वर्ष में हुए कामकाज और भविष्य में होने वाले कामकाज का विवरण दिया, आम सभा में कोषाध्यक्ष मनोज कुपाराम काग द्वारा गत वर्ष के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया व नवरात्रि के कार्यक्रम में समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने की बात कही गई 7 कार्यक्रम में समाज के सुखाराम, दीपाराम, सोनाराम, शेराराम, जगाराम, जगदीश, कालूराम, चेनाराम, मांगीलाल, सेसाराम, राजाराम, पोमाराम, डायाराम, फोजाराम वअन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।ये जानकारी स्मार्ट बाजार के प्रमुख शंकरलाल काग द्वारा दी गई

## शनिचरा अमावस्या के पावन अवसर पर स्काउट गाइड ने दी शनिचरा मंदिर पर अपनी सेवाये

**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**मुरैना।** शनिचरा अमावस्या के पावन अवसर पर ग्राम एती तहसील व जिला मुरैना के एती पर्वत पर स्थित शनिदेव महराज के मंदिर पर हर वर्ष लाखो श्रद्धालू दूर दूर से दर्शन करने के लिए आते है ।इस वर्ष भी लगभग 6-7 लाख श्रद्धालू दर्शन करने के लिए आये

मंदिर मे व्यवस्था बनाय रखने, श्रद्धालुओ को दर्शन कराने के लिए भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ भिंड की 30 सदस्यो की टीम शनिचरा मंदिर पर अपनी सेवाये देने पहुंची ।

व्यवस्था प्रमुख स्काउट गाइड के श्री अतिबल सिंह ( डी ओ सी ) स्काउट ने बताया की जिला भिंड के स्काउट गाइड की ड्यूटी 26 तारीख को रात 10 बजे से 27 तारीख को सुबह 7 बजे तक रखी गयी थी ।







जिसमे सभी स्काउट गाइड ने अपनी सेवाये दी ।इस मौक़े पर भारत सिंह कुशवाह जिला सचिव श्रीमती कीर्ति भदौरिया ( डी.टी.सी.गाइड ), श्रीमती मधुबाला तोमर ( फ्लॉक लीडर ), श्री सतीश कुमार( एसटीसी स्काउट ), श्री रामौतार ओझा ( प्रभारी ब्लॉक सचिव ), श्री देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ( प्रभारी ब्लॉक सचिव ) श्री अनिल सेंगर ( प्रभारी स्काउटर प्रतिनिधि ), श्री केदार सैनी ( रोवर लीडर ), श्रीमती ममता धाकर ( गाइड कैप्टन ), श्रीमती संध्या सेंगर ( गाइड कैप्टन ), श्री निखिल तरसोलिया ( स्टेट मास्टर ट्रेनर ), निम्नानुसार रोवर रेंजर स्काउट गाइड शिवराज कौशल, सतेंद्र, राहुल, संजीव सिंह, शिवा जैन, रोहिए हिन्नारिया, अभिषेक, कु. मीटू गोयल, कामिनी भटिया, पलक तोमर शालिनी वर्मा, मानसी पचौरी आदि ने अपनी सेवाएं दी ।

## 4 सितम्बर को आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई


**भोपाल।** कलेक्टर अविनाश लवानिया के निर्देश पर अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दिलीप यादव ने आदेश जारी कर सम्बन्धित अधिकारियों को 4 सितंबर को आयोजित होने वाले शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में आने वाले शिक्षकों के रुकने और कार्यक्रम स्थल तक ले जाने के लिए कार्य सौंपे है। 04 सितम्बर 2022 को बी.एच.ई.एल दशहरा मैदान, भोपाल में प्रदेश स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के नव नियुक्त शिक्षकों की सहभागिता को दृष्टिगत अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। जारी आदेश अनुसार मनोज वर्मा, एसडीएम गोविन्दपुरा, देवेन्द्र चौधरी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को संपूर्ण कार्यक्रम का समन्वय अधिकारी बनाया गया है। आकाश श्रीवास्तव एसडीएम हुजर, चन्द्रशेखर श्रीवास्तव कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, कार्यक्रम स्थल पर मंच व्यवस्था की जिम्मेदारी देखेंगे।, जमील खान, एसडीएम, शहर, मनोज श्रीवास्तव कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, भोपाल रेल्वे स्टेशन की संपूर्ण व्यवस्था, राजेश गुप्ता एसडीएम,मनीष शर्मा तहसीलदार एमपी नगर, रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन की संपूर्ण व्यवस्था के नोडल अधिकारी रहेंगे। क्षितिज शर्मा, एसडीएम कोलार वृत्त, संतोष मुदगल कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, कार्यक्रम स्थल पर बैठक व्यवस्था, मनोज उपाध्याय, एसडीएम बैरागढ, गुलाबसिंह बघेल कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को संत हिरदाराम रेल्वे स्टेशन की संपूर्ण व्यवस्था, संजय श्रीवास्तव एसडीएम टीटी नगर, अवनीश मिश्रा तहसीलदार टीटी नगर को कार्यक्रम स्थल पर अन्य व्यवस्था के नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया हैं। सभी अधिकारी सौंपे गये कार्य के साथ - साथ उनके क्षेत्र में ठहरने वाले आंगतुका, आमंत्रित शिक्षकों के के लिए ठहरने वाले स्थानों पर सम्पूर्ण आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

# कोचिंग पढ़ने जा रही नाबालिक का रास्ता रोककर की छेड़छाड़, विरोध करने पर कर दी मारपीट

### पुलिस ने छेड़छाड़ व पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में किया मामला दर्ज

**राकेश परिहार पुष्पांजली टुडे**

पिछोर जिले के भौंती थाना अंतर्गत भौंती कस्बे में कोचिंग पढ़ने जा रही नाबालिक से छेड़छाड़ सहित मारपीट का मामला सामने आया है जिसमें पुलिस ने छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय नाबालिक रागनी लोधी(परिवर्तित नाम) अपने गांव से भौंती कस्बे में कोचिंग पढ़ने जा रही थी कि तभी आरोपी संजू शर्मा निवासी भौंती ने नाबालिक छात्रा का रास्ता रोककर उससे छेड़छाड़ कर दी वहीं छात्रा द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता व उसके भाई की मारपीट कर दी। बकौल पीड़िता 11 वीं क्लास की छात्रा हूँ और भौंती में कोचिंग पढ़ती हूँ बीते कई दिनों से आरोपी संजू शर्मा निवासी भौंती मेरा पीछा करता था



और मुझे देखकर गलत हरकतें करता था शुक्रवार को जब मैं अपने चचेरे भाई के साथ कोचिंग जा रहे थे कि आरोपी संजू शर्मा ने बाइक से मेरा पीछा किया और मेरा रास्ता रोककर मेरे साथ गलत हरकतें करने



लगा जब मैनें व मेरे चचेरे भाई ने विरोध किया तो आरोपी ने हम दोनों की मारपीट कर दी और मुझे जाति सूचक गालियां देने लगा व मेरे भाई से शराब के लिए पैसे मांगने लगा। वहीं आरोपी धमकी देकर बोला कि यदि इस घटना के बारे में किसी को कुछ बताया तो तुझे व तेरे भाई को जान से मार दूंगा। घटना के बाद पीड़िता ने मामले की जानकारी परिजनों को दी जिसके बाद परिजन पीड़िता को लेकर थाने पहुंचे जहां पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 354,354 (डी), 341, 327, 323, 506, 7,8 सहित पास्को एक्ट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### इनका कहना है

संजू शर्मा नाम के व्यक्ति ने एक नाबालिक से छेड़छाड़ कर मारपीट कर दी है जिसके बाद उसके खिलाफ छेड़छाड़ व पास्को एक्ट के मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है शीघ्र ही सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी,आरोपी पर पहले से भी कई क्रिमनल धाराओं में मामले दर्ज हैं।

**संजय शर्मा,थाना प्रभारी भौंती**

# वृद्ध आश्रम में रह कर बूढ़ी माताएं अपने बच्चों के लिए मांग रही खुशियां

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल/विदिशा।** मध्य प्रदेश के विदिशा जिला मुख्यालय पर स्थित पुराने जिला अस्पताल में श्री हरि वृद्ध आश्रम में रहने वाली 30 से अधिक बुजुर्ग माताएं अपनी संतानों से पीड़ित और प्रताड़ित होकर आयी हैं। यह सभी आज संतान सप्तमी का व्रत रखकर अपनी संतान की खुशहाली के लिए पूजा अर्चना कर रही हैं और अपने बच्चों की सलामती के लिए प्रार्थना कर रही हैं।

माता कभी कुमाता नहीं होती है चाहे पुत्र कुपुत्र क्यों न हो जाये। खुद परेशानी में रहकर वह अपने बच्चों को हर हाल में खुश देखना चाहती है। यही वजह है कि जिस मां को बरसों पहले उसके बच्चों ने मारपीट कर घर से भगा दिया था, वह वृद्धाश्रम में रहकर भी बच्चों की खुशियों और दीर्घायु के लिए एक दिन पहले से ही तैयारी में जुटी हे




वृद्धाश्रम में रहने वाली बुजुर्ग महिला शांति बाई ने बताया कि उनके बेटे उनके साथ बुरा बर्ताव करते हैं, लेकिन वे उनकी पीड़ा सहने के बाद भी भूखे प्यासे रहकर उनके लिए भगवान से लंबी आयु की प्रार्थना करती हैं ।

वृद्धा फूला बाई कहती हैं कि उनके बेटों ने पहले दर्द दिया फिर घर से भगाया है। इसके बाद भी बेटों के प्रति उनका प्यार कम नहीं हुआ। भंवरी बाई अपने बच्चो की भारी प्रताड़ना के बाद भी उनके लिए व्रत रखती रही हैं।

श्री हरि वृद्ध आश्रम के संचालक, वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि एक वृद्ध महिला की कहानी है यह भी है कि उसका बेटा मारपीट और गाली गलौज आए दिन किया करता था। जिससे वह भी परेशान हो गई और आश्रम का सहारा लिया है। दरअसल बेटा शराब का आदी था। उसने शराब तो नहीं छोड़ी पर अपनी मां को छोड़ दिया। वह मां भले ही वृद्ध आश्रम में रह रही है पर आज भी अपने बेटे को खुश देखना चाहती है। इसीलिए संतान सप्तमी पर पूजन कर अपने बेटे की खुशहाली की कामना कर रही है ।

इंदिरा शर्मा बताती है कि ऐसी एक-दो नहीं अनेकों पीड़ित महिलाएं वृद्ध यहां हैं जो अपने बच्चों से सताई हुई हैं।

## भवन निर्माण अनुज्ञा के विपरीत एवं बिना अनुज्ञा हुए निर्माण के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश

**भोपाल।** आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास निकुंज कुमार श्रीवास्तव ने सभी नगरपालिक निगमों के आयुक्त और मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अवैध अथवा अनुज्ञा लिए बिना किए गए अतिरिक्त निर्माण को प्रभावी ढंग से रोकने के लिये यह आवश्यक है कि नगरीय निकाय क्षेत्र में ऐसे निर्माणाधीन भवनों विशेषकर बहुमंजिला एवं ऊँचे भवनों को तत्काल चिन्हित किया जाए, जिनमें अनुज्ञा एवं स्वीकृत मानचित्र के विपरीत अथवा अनुज्ञा के बिना ही भवन निर्माण किया जा रहा है। आयुक्त श्री श्रीवास्तव ने कहा है कि भवन अनुज्ञा जारी होने के बाद भवन का निर्माण, अनुज्ञा एवं स्वीकृत मानचित्र के अनुसार हो रहा है या नहीं, यह सुनिश्चित करने के लिये म.प्र. भूमि विकास नियम- 2012 में भवन निर्माण के विभिन्न चरण प्लिन्थ, लिन्टल आदि स्तर के कार्य पूर्ण होने पर नगर पालिका के तकनीकी अमले द्वारा पर्यवेक्षण करने का प्रावधान है, जिसका पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण पाये जाने पर अधिनियम के प्रावधान से तत्काल कार्यवाही प्रारम्भ करें। आयुक्त श्री श्रीवास्तव ने कहा कि 20 सितम्बर 2022 तक ऐसे सभी अवैध निर्माणाधीन भवनों को चिन्हित करें और अधिनियम के प्रावधान से तत्काल कार्यवाही करें। कार्यवाही का प्रथम प्रतिवेदन 20 सितम्बर 2022 तक संचालनालय भेजें और प्रत्येक माह की 7 तारीख तक पिछले माह की कार्यवाही का प्रतिवेदन निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध करायें। यह जानकारी संचालनालय के कालोनी सेल ई-मेल आई.डी. में भी उपलब्ध कराएँ। उल्लेखनीय है कि नगरपालिका परिषद और नगर परिषद क्षेत्र में म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 187 के उपबन्ध अनुसार भवन निर्माण की अनुज्ञा प्रदान की जाती है। भवन निर्माण अनुज्ञा में म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के उपबन्धों एवं म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के सभी सुसंगत प्रावधानों का पालन किया जाना अनिवार्य है। भवन निर्माण अनुज्ञा एवं स्वीकृत मानचित्र के अनुसार भवन का निर्माण सुनिश्चित करने एवं भवन निर्माण पूर्ण होने पर अधिनियम की धारा 191 के उपबन्ध अनुसार पूर्णता प्रमाण पत्र तथा भवन के अधिभोग की अनुज्ञा भी आवश्यक है।

# आजीवन कारावास वाले दुष्कर्मी, आतंकी अब मरते दम तक रहेंगे सलाखों के पीछे

**भोपाल।** नाबालिग से दुष्कर्म, आतंकी गतिविधियों में लिप्त और जहरीली शराब बनाने के मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए कैदियों को अंतिम सांस तक जेल में ही रहना होगा। सामूहिक बलात्कार, दो या अधिक हत्याएं और विदेशी मुद्रा से जुड़े अपराधों में आजीवन कारावास की सजा पाए कैदियों को भी सजा में किसी प्रकार की कोई रियायत नहीं मिलेगी। यह प्रविधान आजीवन कारावास से दंडित कैदियों की समय पूर्व रिहाई की प्रस्तावित नीति में किए गए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रालय में गुरुवार को हुई बैठक में नीति के प्रविधानों पर विचार किया गया। प्रदेश में अभी आजीवन कारावास से दंडित बंदियों की रिहाई के लिए वर्ष 2012 की नीति लागू है। सामान्य प्रशासन विभाग ने मई 2022 में अपर मुख्य सचिव (गृह एवं जेल) डा. राजेश राजौरा की अध्यक्षता में आजीवन कारावास की सजा पाए कैदियों की रिहाई की नीति पर विचार करने के लिए समिति बनाई थी। समिति ने उप्र, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश सहित अन्य राज्यों की नीति का अध्ययन करने के बाद नीति प्रस्तावित की है। प्रदेश की 131 जेलों में अभी 12 हजार से अधिक



बंदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। जो नई नीति प्रस्तावित की गई है, उसमें आतंकी गतिविधियों व नाबालिगों से दुष्कर्म के मामले में सजा 14 वर्ष में समाप्त नहीं होगी। इस श्रेणी में शासकीय सेवकों की सेवा के दौरान हत्या करने वाले भी शामिल होंगे। राज्य के विरुद्ध अपराध और सेना के किसी भी अंग से संबंधित अपराध घटित करने वाले कैदी को कोई रियायत नहीं मिलेगी।

### किसी भी स्थिति में समय से पहले न हो रिहाई

मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बैठक में कहा कि आजीवन कारावास के ऐसे बंदी जो अच्छे व्यवहार आदि के कारण समय पूर्व रिहाई का लाभ लेते हैं, वे अलग श्रेणी के हैं। आतंकी और दुष्कर्म करने वाले अलग श्रेणी के अपराधी हैं। दुष्कर्म मामले में किसी भी स्थिति में बंदियों को समय पूर्व रिहाई का लाभ नहीं मिलना चाहिए।

## आज इंदौर में पथ विक्रेताओं से संवाद करेंगे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

**इंदौर।** रीजनल पार्क के सामने मैदान में होने पथ विक्रेता सम्मान समारोह में आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 10 हजार पथ विक्रेताओं व उनके परिवार के लोगों से संवाद करेंगे। वे



मंच पर 10 पथ विक्रेताओं को सम्मान भी करेंगे। इस आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार दोपहर साढ़े 12 बजे रीजनल पार्क के सामने पथ विक्रेता हितग्राही सम्मेलन में। इस दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव निगम के अधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। इस आयोजनों में भाजपा पार्षदों को भी भीड़ जुटाने का जिम्मा दिया गया है। दस हजार से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था वाटरप्रुफ पांडाल में की गई है। पथ विक्रेताओं को इस आयोजन में लाने के लिए 400 बसों का अधिग्रहण किया गया है इस आयोजन में मंच पर जनप्रतिनिधियों की बैठक व्यवस्था रखी गई है। कार्यक्रम में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के पथ विक्रेताओं को भी बुलाया गया है। 10 लोगों को मंच पर बुलाकर सम्मानित भी किया जाएगा। गौरतलब है कि निगम द्वारा शहर में 52 हजार से अधिक पथ विक्रेताओं को 10 हजार रुपये के लोन, 13 हजार से अधिक को 20 हजार रुपये तक का लोन और 25 पथ विक्रेताओं को 50 हजार रुपये तक के लोन दिलवाए गए है।

## सम्मान निधि से कोई भी पात्र किसान वंचित नहीं रहें: श्री तोमर



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों की आय बढ़ाने एवं सदैव उनके सामाजिक- आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कार्य करने पर जोर देती रही है। साथ ही, केंद्र ने कृषि क्षेत्र के कल्याण के लिए अनेक पहल की हैं। इनमें, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) स्कीम, एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना की प्रगति को लेकर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने आज राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक में चर्चा की।

### पीएम-किसान के संबंध में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर ने राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ की बैठक

इसमें श्री तोमर ने कहा कि कोई भी पात्र किसान इस योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। साथ ही, उन्होंने राज्यों को डाटा शुद्धिकरण का कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा है। पीएम-किसान में पात्र किसानों के बैंक खातों में 2,000 रु. की 3 समान किस्तों में 6,000 रु. प्रति वर्ष दिए जाते हैं, ताकि वे घरेलू जरूरतों के साथ कृषि एवं सम्बद्ध खर्चों को पूरा कर सकें। फरवरी-2019 में पीएम-किसान की शुरूआत से 11 किस्तें दी जा चुकी हैं। इनके जरिये लगभग 11.37 करोड़ पात्र किसानों को 2 लाख करोड़ रु. से अधिक राशि अंतरित की गई हैं। पीएम-किसान का लाभ भू-जोत वाले किसानों को ही दिया जाता है। पीएम-किसान व अन्य योजनाओं एवं भविष्य में शुरू की जाने वाली किसान कल्याण योजनाओं के लिए पात्र किसानों की त्वरित पहचान हेतु डाटाबेस बनाया जा रहा है। इसमें किसानों के आधार, बैंक खाते सहित सभी जानकारी होगी तथा किसानों के भू-अभिलेख उनके रिकॉर्ड के साथ जुड़े होंगे। डाटाबेस बनाने के लिए राज्यों के भू-अभिलेखों को डिजिटली परिवर्तित करना होगा। इसी संबंध में आज बैठक की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, हरियाणा, आंध्रप्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, पंजाब, राजस्थान, असम, अरूणाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल व बिहार के कृषि मंत्रियों ने भी अपने विचार रखें। बैठक में अन्य राज्यों के मंत्रीगण/वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही केंद्रीय कृषि सचिव श्री मनोज अहूजा व अतिरिक्त सचिव श्री अभिलक्ष लिखी मौजूद थे। संयुक्त सचिव व पीएम-किसान स्कीम के सीईओ श्री प्रमोद मेहरदा ने प्रेजेन्टेशन दिया।

## वृद्ध ने पथरी की बीमारी से परेशान होकर कुल्हाड़ी से काटा अपना ही गुप्तांग

**दमोह।** मध्य प्रदेश के दमोह जिले के मगरोन थाना अंतर्गत एक वृद्ध द्वारा पथरी की बीमारी के चलते परेशान होकर कुल्हाड़ी से अपना गुप्तांग काट दिया। पुलिस थाना प्रभारी मनोज यादव से प्राप्त जानकारी के अनुसार



जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर मगरोन थाना अंतर्गत ग्राम डुगरुपुरा में गुरुवार की रात्रि भगवान दास पुत्र छोटे सिह लोधी उम्र 75 वर्ष को 3 दिन से पेशाब करने में काफी परेशानी हो रही थी तथा रक्तस्राव हो रहा था। जिस कारण से वह काफी परेशान था। इसी परेशानी के चलते उसके द्वारा गुरुवार की रात्रि कुल्हाड़ी से अपना स्वयं का गुप्तांग काट लिया है, जिसे तत्काल ही गंभीर हालत में हटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर उसे देर रात्रि दमोह के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। इस संबंध में जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ मुकेश साहनी ने बताया कि अभी वृद्ध की हालत ठीक है जिसका सर्जन द्वारा उसका इलाज किया जाएगा।

## विशेष न्यायालय ने समाप्त किया इंदौर का पेंशन घोटाला मामला, कैलाश विजयवर्गीय को मिली बड़ी राहत

**इंदौर।** देशभर में चर्चित रहे पेंशन घोटाला मामले में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और तत्कालीन महापौर कैलाश विजयवर्गीय को इंदौर के विशेष न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। 17 साल बाद भी शासन ने अभियोजन की अनुमति जारी नहीं की। इसके चलते विशेष न्यायालय ने इस प्रकरण को ही समाप्त कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन स्वीकृति के इंतजार में प्रकरण को अनंतकाल तक लंबित नहीं रखा जा सकता। भविष्य में परिवादी को अभियोजन स्वीकृति मिल जाती है तो वे कार्रवाई पुनः संस्थित करने को स्वतंत्र रहेंगे।


मामला वर्ष 2005 का है। कांग्रेस प्रवक्ता केके मिश्रा ने कोर्ट में एक परिवाद दायर कर तत्कालीन महापौर कैलाश विजयवर्गीय, महापौर परिषद (एमआइसी) के तत्कालीन सदस्य रमेश मेंदोला, पूर्व महापौर उमाशशि शर्मा, तत्कालीन सभापति शंकर लालवानी, तत्कालीन निगमायुक्त संजय शुक्ला सहित 14 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, कूट रचना आदि का आरोप लगाते हुए इस अपराध में प्रकरण चलाने की मांग की थी। प्रकरण में आरोप लोक सेवकों के खिलाफ होने से राज्य शासन से अभियोजन स्वीकृति अनिवार्य थी, लेकिन शासन से अब तक अनुमति ही नहीं मिली। मामले में विशेष न्यायाधीश मुकेश नाथ ने अभियोजन स्वीकृति के अभाव में प्रकरण समाप्त कर दिया। परिवादी की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट विभोर खंडेलवाल ने इसकी पुष्टि की है।



**33 करोड़ रुपये से ज्यादा के घोटाले का था आरोप:** परिवादी केके मिश्रा ने परिवाद में आरोपितों पर 33 करोड़ रुपये से ज्यादा को घोटाला करने का आरोप लगाया था। उन्होंने बताया कि 2005 में केंद्र सरकार ने निराश्रित, कल्याणी और दिव्यांग लोगों के लिए इंदिरा गांधी पेंशन योजना की घोषणा की थी। इसके तहत पात्र लोगों को 300 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जानी थी। इस राशि में केंद्र और राज्य शासन दोनों को 50-50 प्रतिशत हिस्सेदारी देनी थी। केंद्र शासन ने स्पष्ट आदेश दिए थे कि पेंशन के लिए पात्र लोगों को सिर्फ राष्ट्रीयकृत बैंकों और डाकघरों के माध्यम से ही भुगतान किया जाएगा किसी अन्य माध्यम से नहीं। आरोप है कि कैलाश विजयवर्गीय ने महापौर बनने के बाद परिषद की पहली बैठक में ही संकल्प पारित करवा लिया कि पेंशनधारियों को नंदानगर सहकारी साख संस्था के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। अपात्र लोगों को जमकर पेंशन भुगतान किया गया। जांच में घोटाले की रकम 33 करोड़ से ज्यादा आंकी गई थीं।

**कभी रिकार्ड जलने का बहाना तो कभी दस्तावेज नहीं मिलने का:** केके मिश्रा ने आरोप लगाया कि जांच में आरोप सिद्ध होने के बाद भी राज्य शासन ने जानबूझकर अभियोजन स्वीकृति जारी नहीं की। उन्होंने बताया कि कभी इस मामले की जांच कलेक्टर को सौंपी गई तो कभी कमिश्नर को। मामले को लेकर एनके जैन आयोग भी गठित हुआ था। बकौल मिश्रा इस घोटाले का रिकार्ड जलने की बात सामने आने के बाद मैंने खुद भोपाल जाकर आयोग के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत किए थे।

## मां के साथ तालाब पर नहाने पहुंची दो बहनों की डूबने से मौत



**भोपाल।** राजधानी के सूखी सेवनिया थाना इलाके में ऋषि पंचमी पर मां और परिवार की महिलाओं के साथ नहाने तालाब पर पहुंची दो सगी बहनों की डूबने से मौत हो गइ। घटना के बाद से गांव में मातम का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूखी सेवनिया थाना पुलिस के मुताबिक गुरुवार सुबह ग्राम मुगालिया कोट में बंजारा समाज की महिलाएं ऋषि पंचमी पर गांव में बने तालाब पर स्नान करने के लिए पहुचीं थी। उनके साथ मोहन बंजारा की दो पुत्रियां 13 वर्षीय अंजली और 16 वर्षीय पिंकी भी गई थीं। दोपहर करीब 12 बजे महिलाएं तालाब में नहा रही थीं, तभी अंजली और पिंकी नहाते समय गहरे पानी में डूबने लगीं। महिलाओं ने शोर मचाया तो गांव के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। दोनों बहनों की पानी में डूबकर मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए। पोस्टमार्टम के बाद दोनों बहनों के शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए।

### लापता युवक का शव कलियासोत डैम में मिला

उधर, कोलार थाना इलाके की सर्वधर्म कालोनी में रहने वाला 20 वर्षीय शेख अमान 29 अगस्त से लापता था। बुधवार को उसका शव कलियासोत डैम में नगर के गेट के पास से बरामद हुआ। डैम के पास ही उसकी बाइक भी खड़ी मिली है। चूना भट्टी थाना पुलिस के मुताबिक अमान भवन निर्माण सामग्री बेचने का काम करता था। 29 अगस्त से घर नहीं पहुंचने के कारण स्वजन उसकी तलाश कर रहे थे। बुधवार को ही उन्होंने अमान के लापता होने की सूचना कोलार थाने में दी थी। पुलिस ने अमान द्वारा खुदकुशी कर लेने की संभावना जताई है।

## गणेशोत्सव के दौरान उपयोग में लाए फूलों से 20 टन खाद बनाएगा इंदौर

**इंदौर।** स्वच्छता में देश का सबसे स्वच्छ शहर स्वच्छता को लेकर लगातार नवाचार करता रहता है। कचरे से खाद तैयार करने वाला यह शहर अब गणेश पांडालों से निकलने वाले फूल और मालाओं से भी खाद तैयार करेगा। इन फूलों से बीस टन खाद बनाई जाएगी जो शहर के उद्यानों में उपयोग ली जाएगी। शहर में गणेशोत्सव के दौरान सजे पांडालों में पूजन के दौरान उपयोग होने वाले फूलों व निर्माल्य का भी शहर में उपयोग होगा।

निगम द्वारा अधिकृत एनजीओ द्वारा शहर में 100 से अधिक पांडालों व टाउनशिप में हो रहे आयोजनों से फूल व पूजन सामग्री एकत्रित की जाएगी। निगम ने इसके लिए टाउनशिप और पांडालों को खाद बनाने में उपयोग की जाने वाली कम्पोस्ट पिट से जोड़ा है। प्रतिदिन पांडालों में उपयोग होने वाले फूलों को



इकट्ठा कर इस यूनिट में खाद बनाने के लिए भेजा जाएगा। इसके अलावा कुछ पांडालों में छोटे कम्पोस्ट बिन का उपयोग कर भी खाद बनाई जाएगी।

नगर निगम की एनजीओ टीम के सदस्य सभी पांडालों व कुछ रहवासी इलाकों में जाकर लोगों को फूलो से खाद बनाने का प्रशिक्षण भी दे रहे है। गणेश उत्सव का आयोजन करने वाले कुछ पांडालों में ड्रम में फूलों को एकत्र किया जा रहा है। वहां से 10 दिन तक फूलों को एकत्र किया जाएगा और उसके बाद उसे कम्पोस्ट बिन में डाल दिया जाएगा।नगर निगम अनंत चौदस के दौरान शहर के 100 से ज्यादा स्थानों पर अस्थाई कुंड बनाकर मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था करता है। इन स्थानों पर भी घरों से आने वाली प्रतिमाओं को रखने के साथ फूल व पत्तियों के एकत्रीकरण के लिए अलग व्यवस्था होती है। इसका बाद में खाद बनाने में इस्तेमाल हो गया।

### खजराना मंदिर में फूलों से बनती है खाद, अगरबत्ती व धूप

शहर में प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर में बुधवार व रविवार को 400 किलो व आम दिनों में 150 से 200 किलो फूल अर्पित होते है। गणेश चतुर्थी के दौरान के मंदिर में 800 से एक हजार किलो फूल अर्पित होते है। मंदिर में चढाए जाने वाले फूलों का इस्तेमाल कर एनजीओ पुष्पाजलि इको 12 से 15 किलो अगरबती व धूप बत्ती बनाती है। मंदिर परिसर में लगी आर्गेनिक वेस्ट कन्वर्टर मशीन के माध्यम में 50 किलो फूल से पांच किलो खाद भी बनाई जाती है।

### पांडालों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने की प्रयास

निगम पहले ही शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाकर इस पर रोक लगा रहा है। वही गणेश उत्सव के दौरान पांडालों की सजावट में थर्माकोल, प्लास्टिक का उपयोग करने से आयोजकों को रोका जा रहा है। इसके स्थान कागज व कपड़े का सजावट के लिए इस्तेमाल करने के लिए कहा रहा है। इसके अलावा प्रसाद वितरण डिस्पोजेबल व प्लास्टिक का उपयोग करने से भी रोका जा रहा है ताकि इस तरह का कचरा न एकत्र बढ़े।

## मनुष्य के पुरुषार्थ पर निर्भर रहते हैं किस्मत और भाग्य: पूर्णमति माता

### दिगम्बर जैन समाज में पर्युषण पर्व में जारी है तपस्याओं का दौर

**इन्दौर।** आज जीवन के हर क्षेत्र में मनुष्य मैं की की लड़ाई में ही व्यस्त है। समाज, देश विदेश सभी दूर मैं की लड़ाई चल रही है। विशेष बनने की चाह में मनुष्य सामान्य भी नहीं रह पाकर साधारण बन जाता है। किस्मत और भाग्य मनुष्य के पुरुषार्थ पर निर्भर रहते हैं। किस्मत की एक बात अच्छी है कि वह पलटती जरूर है और जब वह पलटती है तो सब कुछ पलट देती है। इसलिए अच्छे दिनों में अहंकार नहीं करना चाहिए। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट छत्रपति नगर एवं चातुर्मास संयोजक विपुल बांझल, सचिन सुपारी ने बताया कि यह बात दिगम्बर जैन समाज में जारी पर्युषण पर्व के दूसरे दिन आर्यिका श्री पूर्णमति माता जी ने दलालबाग में तपस्वियों और श्रावक श्राविकाओं को संबोधित करते हुए कही। आपने कहा कि मनुष्य मैं के अहंकार में ही कहता है कि मैं सब जानता हूं लेकिन वह भूल जाता है कि सब तो केवल सर्वज्ञ ही जानता




है। अहंकार के मद में मनुष्य अपनी कमियों को भी स्वीकार नहीं करता।

**अहम को छोड़ अर्हम को स्वीकारों:** आपने कहा कि जीवन में पद और कद दोनों को अहंकार खा जाता है। इसलिए अहम यानी अहंकार को छोड़कर अर्हम को स्वीकार करो। मनुष्य को जीवन में जो भी प्राप्त है वह उसके कर्म से प्राप्त है। जिसके पुण्य प्रबल होंगे उसे कोई ताकत गिरा नहीं सकती। आपने राजकुमारी चैना का दृष्टांत बताते कहा कि कोई विरोध करे तो उसका जवाब नहीं देना चाहिए। उसके कर्म ही उसका जवाब देंगे। आज हर मनुष्य के बीच मैं के कारण लड़ाई चल रही है। मैं के स्वर में मधुरता खो जाती है। हर मनुष्य पालन हार बनना चाहता है जबकि उसे जाननहार बनना होगा। आपने कहा कि मान के चक्कर में मनुष्य अपना सब कुछ लुटा देता है। इसीलिए मैं का ज्ञान तो होना चाहिए लेकिन ज्ञान का मान नहीं होना चाहिए। भोजनशाला संयोजक दिलीप जैन (नेताजी), महेंद्र जैन (चुखरू) ने बताया कि पर्युषण पर्व बुधवार 31 अगस्त से 11 सितंबर तक मनाया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन सुबह 5.30 से 10 बजे तक प्रार्थना, सामायिक, प्रतिक्रमण, अभिषेक पूजन, प्रवचन व प्रश्न मंच आयोजित किए जाएंगे। इसी के साथ द्वितीय सत्र दोपहर 1 से 5 बजे तक आयोजित होगा जिसमें सामायिक, शिविरार्थी क्लास, विधान, तत्वार्थ सूत्र वाचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रवचनों की अमृत वर्षा की जाएगी। तृतीय सत्र सांय 6 से रात्री 9.30 बजे तक होगा।

**प्रतिदिन यह होंगे कार्यक्रम:** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट छत्रपति नगर एवं चातुर्मास संयोजक विपुल बांझल, सचिन सुपारी ने बताया कि दस दिवसीय पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व में गुरूवार 1 सितंबर को धार्मिक अंताक्षरी का आयोजन हुआ।

## घर पर झगड़ा करने के बाद नशे में बिजली के टावर पर चढ़ गया युवक, मुंबई से बंद करानी पड़ी आपूर्ति

**अनूपपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बकेली गांव के पास गुरुवार को एक युवक विद्युत हाईटेंशन लाइन टावर पर चढ़ गया। घर में विवाद होने के कारण वह चार घंटे तक करीब 45 मीटर ऊंचे टावर पर चढ़ा रहा। मुंबई से ट्रांसमिशन लाइन बंद कराकर उसे किसी तरह नीचे उतारा गया।



### शराब के नशे में था युवक

ग्राम पसला निवासी रोहित सिंह (38) पुत्र समयलाल सिंह अपने ससुराल ग्राम पंचायत बकेली के छपराटोला में कुछ वर्ष से रह रहा है। सुबह घर पर झगड़ा हुआ तो वह करीब 12:30 बजे गांव के पास चार लाख केवी विद्युत हाईटेंशन लाइन टावर पर चढ़ गया। युवक शराब के नशे में था। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी, कोतवाली पुलिस का स्टाफ व एनडीआरएफ की टीम पहुंची।

### इंसुलेटर पर बैठने से बची जान

युवक टावर और कंडक्टर के बीच एक इंसुलेटर पर बैठ गया था। आगे बढ़ता तो उसे करंट का झटका भी लग सकता था। युवक को नीचे आने के लिए कहा जा रहा था, लेकिन वह उतर नहीं पा रहा था। छत्तीसगढ़ के कोरबा पावर प्लांट के सब-स्टेशन से उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली सब-स्टेशन बिजली आती है। विद्युत आपूर्ति रोकने के लिए मुंबई से अनुमति ली गई। दोपहर करीब 2:30 से 6:05 बजे तक हाईटेंशन टावर लाइन से विद्युत सप्लाई बंद कराई गई। पांच सदस्यीय बचाव दल के सदस्यों ने करीब 3:40 बजे टावर पर चढ़ना शुरू किया। टीम के सदस्य उसके नजदीक पहुंचे और समझा-बुझाकर सेफ्टी बेल्ट दिया गया। सावधानीपूर्वक युवक के अर्थिंग से पूरे शरीर को डिस्चार्ज किया गया। उसे 4:30 बजे टीम ने उतार कर लाई।

## शहर में ऐतिहासिक आयाम के रूप में जुड़ने जा रहे एलीवेटेड रोड़ का शुभारंभ 15 सितम्बर को

# सीएम श्री चौहान व केन्द्रीय मंत्री श्री गड़करी और केन्द्र व राज्य के मंत्रिगणों की मौजूदगी में होगा शुभारंभ

### ऊर्जा मंत्री ने भूमिपूजन समारोह के लिये प्रस्तावित स्थल का लिया जायजा

ग्वालियर। ग्वालियर के सुनियोजित विकास में नए एवं ऐतिहासिक प्रतिमान के रूप में जुड़ने जा रहे एलीवेटेड मार्ग का भूमिपूजन 15 सितम्बर को प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गड़करी, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर तथा केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित राज्य सरकार के मंत्रिगण लगभग 447 करोड़ रूपए की लागत से बनने जा रहे इस एलीवेटेड रोड़ का भूमिपूजन करेंगे। साथ ही आईएसबीटी (अंतर्राज्यीय बस अड्डा) की आधारशिला भी रखेंगे।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एलीवेटेड रोड़ के भूमिपूजन समारोह स्थल का शुक्रवार को जायजा लिया। साथ ही समारोह की सभी तैयारियाँ समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि भूमिपूजन कार्यक्रम में जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव व सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण भी बतौर अतिथि शामिल होंगे।

शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ऊर्जा मंत्री श्री तोमर यहाँ ट्रिपल आईटीएम के सामने निर्माणाधीन दिव्यांग स्टेडियम के समीप स्थित खेल मैदान पहुँचे। इसी मैदान पर एलीवेटेड रोड़ एवं आईएसबीटी का भूमिपूजन समारोह आयोजित करने की सहमति बनी है। मंत्री श्री तोमर ने इस अवसर पर कहा कि ग्वालियर शहर के लिए एलीवेटेड रोड़ एक बहुत बड़ी सौगात है। इसके निर्माण से न केवल शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, अपितु शहर एक महानगर का रूप लेगा। इसलिए सड़क के महत्व को ध्यान में रखकर समारोह की सभी व्यवस्थाओं को इस प्रकार से अंजाम दें, जिससे जिलेवासी सुगमतापूर्वक समारोह में पहुँचकर ऐतिहासिक पलों के साक्षी बन सकें। साथ ही सड़क आवागमन भी बाधित न हो। उन्होंने बरसात को ध्यान में रखकर कार्यक्रम स्थल पर पण्डाल आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।



ऊर्जा मंत्री द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान नगर निगम के सभापति श्री मनोज सिंह तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी तथा सर्वश्री अशोक शर्मा, राजू सेंगर व सुरेन्द्र शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव चौकसे व अपर जिला दण्डाधिकारी श्री इच्छित गढ़पाले सहित नगर निगम, लोक निर्माण, ब्रिज कॉर्पोरेशन तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### स्वर्ण रेखा पर 6 किलोमीटर लम्बाई में बनेगा एलीवेटेड रोड़

शहर के बीच से होकर बह रही स्वर्ण रेखा नदी पर एलीवेटेड रोड़ बनने जा रहा है। ऐलीवेटेड रोड़ का निर्माण लगभग 447 करोड़ रूपए की लागत से होगा। इसमें से लगभग 406 करोड़ रूपए की राशि केन्द्र सरकार एवं लगभग 41 करोड़ रूपए की धनराशि राज्य सरकार ने मंजूर की है। स्वर्ण रेखा पर अत्याधुनिक तकनीक से प्रथम चरण में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई समाधि स्थल के समीप से ट्रिपल आईटीएम तक लगभग 6 किलोमीटर लम्बाई में एलीवेटेड रोड़ का निर्माण होगा।

कार्यपालन यंत्री सेतु निगम श्री ज्ञानवर्धन मिश्रा ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई की समाधि से ट्रिपल आईटीएम तक लगभग 6 किलोमीटर लम्बाई में बनने जा रहे एलीवेटेड रोड़ की कुल चौड़ाई लगभग 16 मीटर होगी। डिवाइडर के अलावा दोनों ओर की सड़कों की चौड़ाई 7.25 - 7.25 मीटर होगी। एलीवेटेड रोड़ पर चढ़ने - उतरने के लिये 6 किलोमीटर की लम्बाई में 6 स्थानों पर रैम्पनुमा 13 सड़कें बनाई जायेंगीं। एलीवेटेड रोड़ के प्रारंभ स्थल यानि रानी लक्ष्मीबाई समाधि के नजदीक और दूसरे छोर पर ट्रिपल आईटीएम के समीप एलीवेटेड रोड़ पर चढ़ने - उतरने के लिये अलग - अलग रैम्प बनाए जायेंगे। हजीरा क्षेत्र में एलीवेटेड रोड़ पर चढ़ने - उतरने के लिये दो स्थानों पर अलग-अलग रैम्प बनेंगे अर्थात यहाँ पर कुल चार रैम्प बनेंगे। इसके अलावा रानीपुरा व रमटापुरा में एलीवेटेड रोड़ पर चढ़ने - उतरने के लिये अलग-अलग रैम्प बनाए जायेंगे। साथ ही चंद्रनगर में एलीवेटेड रोड़ पर चढ़ने के लिए एक रैम्प बनेगा।

## महापौर एवं विधायक ने किया सी.सी. रोड का भूमिपूजन



ग्वालियर। महापौर डॉ. श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार और ग्वालियर पूर्व से विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार ने आज नगर निगम के वार्ड क्रमांक 60 के सिंधिया नगर में सी.सी. रोड का भूमिपूजन किया। इस मौके पर क्षेत्र की जनता ने महापौर डॉ. श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार एवं विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार का पुष?पहार पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। इस मौके पर मेयर-इन-काउसिंल के सदस्य एवं पार्षद अवधेश कौरव, क्षेत्रीय पार्षद केदार सिंह बरहादिया, पार्षद अंकित कठठ्ल एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ शासन की प्रमुख योजना है-राजौरिया



ग्वालियर। बेटी है तो कल है सामाजिक संस्था की वार्ड 26 मुरार की अध्यक्ष ज्योति पवैया ने बताया कि संस्था द्वारा मुरार स्थित शा. लक्ष्मीबाई उ.म.विद्यालय में उत्कृष्ट छात्रा सम्मान-2022 का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश राजौरिया अध्यक्षता ड़ॉ वन्दना भूपेन्द्र प्रेमी विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्राचार्या श्रीमती कीर्ति पंथ,एडवोकेट जगदीश शर्मा,डीसी तिवारी,हरिओम झा,प्रवीण पवार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्मृति शर्मा व आभार संगीता अग्रवाल ने किया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि श्री जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ शासन की कई योजनाओं में से एक प्रमुख योजना है जिसे वर्षों से बेटी है तो कल है सामाजिक संस्था बखूबी चला रही है आज उन सभी छात्राओं को ओर उनके अभिभावकों को म बधाई देता हूं जिन्हें उत्कृष्ट छात्रा सम्मान से सम्मानित किया जा रहा है,वही संस्था अध्यक्ष ड़ॉ वन्दना भूपेंद्र प्रेमी ने बताया कि निरन्तर संस्था छात्राओ को सम्मानित कर उनका उत्सवर्धन कर रही है।इस अवसर पर सभी अतिथियों ने मेडल पहनाकर छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान किये।

इस अवसर पर संगीता अग्रवाल,भारती सेंगर,जितेंद्र सिंह ज्योति,सहित विद्यालय परिवार ने भी छात्राओं को बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### अभियोजन संचालनालय के तत्वावधान में 4 सितम्बर को ग्वालियर में होगी कार्यशाला

**न्यायमूर्ति श्री रोहित आर्या के मुख्य आतिथ्य में होगा उदघाटन**

**किशोर न्याय एवं लैंगिक अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम पर हो रहा है आयोजन**

ग्वालियर। अभियोजन संचालनालय द्वारा किशोर न्याय एवं लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम विषय पर 4 सितम्बर को ग्वालियर में एक दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस दिन इस कार्यशाला का उदघाटन उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के न्यायमूर्ति श्री रोहित आर्या के मुख्य आतिथ्य में प्रात÷ 10.45 बजे यहाँ गोले का मंदिर मुरैना रोड़ पर स्थित रेडीमेड गारमेंट पार्क ÷दुकूल÷ के सभागार में होगा। कार्यशाला में खासतौर पर अभियोजन अधिकारी, पुलिस अनुसंधान अधिकारी एवं महिला बाल विकास अधिकारी भाग लेंगे। कार्यशाला के उदघाटन सत्र में उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के न्यायमूर्ति श्री आनंद पाठक व श्री जी एस अहलूवालिया बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता महानिदेशक एवं संचालक मध्यप्रदेश लोक अभियोजन श्री अनवेश मंगलम करेंगे। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रेमनारायण सिंह, उच्च न्यायालय खण्डपीठ के अतिरिक्त महाधिवक्ता श्री अंकुर मोदी व श्री एमपीएस रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ग्वालियर जोन श्री डी श्रीनिवास वर्मा व चंबल जोन श्री राजेश चावला, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी उदघाटन सत्र में बतौर अतिथि भाग लेंगे।

### दो आरोपियों की गिरफ्तारी पर 5 - 5 हजार का इनाम

ग्वालियर। फरार चल रहे दो आरोपियों की गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी ने 5 - 5 हजार रूपए का इनाम घोषित किया है। उन्होंने आरोपी सीटा उर्फ सीटू उर्फ भानुप्रताप सिंह गुर्जर व आरोपी रिंका गुर्जर निवासी बंकेपुरा थाना क्षेत्र गोहद जिला भिण्ड की गिरफ्तारी पर यह इनाम घोषित किया है। जो भी व्यक्ति विधि संगत तरीके से इन आरोपियों को बंदी बनाने में मदद करेंगे, उन्हें यह इनाम दिया जायेगा। इन आरोपियों के खिलाफ ग्वालियर जिले के पुलिस थाना हस्तिनापुर में संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### संघ लोक सेवा आयोग की कम्बाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा 4 सितम्बर को

#### ग्वालियर में 34 परीक्षा केन्द्रों पर होगी परीक्षा

#### कलेक्ट्रेट में बनाया कंट्रोल रूम

ग्वालियर। संघ लोक सेवा आयोग की कम्बाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षाएँ ग्वालियर में 4 सितम्बर को 34 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। संघ लोक सेवा आयोग की ओर से अपर सचिव श्री राविस जोइआ एवं जूनियर रिसर्च ऑफीसर श्री अशफाक ए खान को ग्वालियर में इस परीक्षा के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी के लिये तैनात किया गया है। परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिये कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक - 103 में कंट्रोल रूम बनाया गया है। अपर जिला दण्डाधिकारी श्री एच बी शर्मा को परीक्षा के नोडल अधिकारी और एसडीएम घाटीगाँव श्री संजीव खेमरिया को परीक्षा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। परीक्षा कंट्रोल रूम का टेलीफोन नम्बर 0751-2446214 है। कलेक्ट्रेट के अधीक्षक श्री आई आर भगत (मोबा. 94251-35143) को कंट्रोल रूम का प्रभारी बनाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 सितम्बर को आयोजित होने जा रही इस परीक्षा में ग्वालियर के सभी 34 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 11 हजार 926 परीक्षार्थी भाग लेंगे। सीडीएस परीक्षा ग्वालियर के 5 परीक्षा केन्द्रों में तीन सत्रों में प्रात÷ 9 बजे से 11 बजे तक, दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक एवं अपरान्ह 3 बजे से सायंकाल 5 बजे तक होगी। शहर के 4 परीक्षा केन्द्रों पर यह परीक्षा दो सत्रों में होगी। साथ ही 25 परीक्षा केन्द्रों पर एनडीए परीक्षा दो सत्रों में प्रात÷ 10 बजे से 12.30 बजे तक तथा अपरान्ह 2 बजे से सायंकाल 4.30 बजे तक आयोजित होगी।

### संघ लोक सेवा आयोग की कम्बाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा 4 सितम्बर को

**ग्वालियर में 34 परीक्षा केन्द्रों पर होगी परीक्षा**

**कलेक्ट्रेट में बनाया कंट्रोल रूम**

ग्वालियर 02 सितम्बर 2022/ संघ लोक सेवा आयोग की कम्बाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षाएँ ग्वालियर में 4 सितम्बर को 34 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। संघ लोक सेवा आयोग की ओर से अपर सचिव श्री राविस जोइआ एवं जूनियर रिसर्च ऑफीसर श्री अशफाक ए खान को ग्वालियर में इस परीक्षा के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी के लिये तैनात किया गया है।

परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिये कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक - 103 में कंट्रोल रूम बनाया गया है। अपर जिला दण्डाधिकारी श्री एच बी शर्मा को परीक्षा के नोडल अधिकारी और एसडीएम घाटीगाँव श्री संजीव खेमरिया को परीक्षा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। परीक्षा कंट्रोल रूम का टेलीफोन नम्बर 0751-2446214 है। कलेक्ट्रेट के अधीक्षक श्री आई आर भगत (मोबा. 94251-35143) को कंट्रोल रूम का प्रभारी बनाया गया है।

### अपर आयुक्त ने निरीक्षण कर दिये साफ सफाई व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश

ग्वालियर। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा प्रतिदिन साफ सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त ने शहर में सफाई व्यवस्था देखी।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने देखा शहर के कम्प्रेहेन्सिव मोबिलिटी प्लान का प्रजेण्टेशन

### सांसद, महापौर एवं बीज निगम के अध्यक्ष भी रहे मौजूद

### यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये नेशनल अर्बन ट्रांसपोर्ट पॉलिसी के तहत तैयार हुआ है प्लान

### पीएम गति शक्ति योजना के तहत प्लान को दिया जायेगा मूर्तरूप

ग्वालियर। ग्वालियर शहर में लोग बिना किसी परेशानी के शहर भर में आवागमन कर सकें। इस उद्देश्य से राष्ट्रीय शहरी परिवहन नीति (नेशनल अर्बन ट्रांसपोर्ट पॉलिसी) के तहत ग्वालियर शहर की सुदृढ़ यातायात व्यवस्था के लिए कम्प्रेहेन्सिव मोबिलिटी प्लान तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत यातायात के इस ड्राफ्ट को मूर्तरूप दिया जायेगा। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार एवं बीज व फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शहर के कम्प्रेहेन्सिव मोबिलिटी प्लान का प्रजेण्टेशन अर्बन मास ट्रांजिट कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा दिया गया।

बाल भवन के सभागार में हुए शहर यातायात प्लान के प्रेजेंटेशन के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव चौकसे, अपर आयुक्त नगर निगम श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर व सिटी प्लानर श्री पवन सिंघल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि भारत सरकार की प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना का भरपूर लाभ ग्वालियर शहर को मिले, इस बात को ध्यान में रखकर समय से सभी प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजे जाएँ। उन्होंने कहा कि केवल जनसंख्या ही नहीं शहर के बड़े भौगोलिक क्षेत्रफल को ध्यान में रखकर ग्वालियर शहर के यातायात प्लान को अंतिम रूप दें, जिससे लम्बे अर्से तक शहर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि कम्प्रेहेन्सिव मोबिलिटी ट्रांसपोर्ट प्लान के फाइनल ड्राफ्ट को जल्द से जल्द अंतिम रूप दें, जिससे यह प्लान शीघ्रता के साथ धरातल पर आ सके।

महापौर डा. शोभा सतीश सिकरवार ने कहा कि शहर विकास से जुडे हुए कार्यों में निगम हमेशा तैयार रहता है। शहर में सुगम यातायात के लिये पार्किंग को और सुदृढ़ करने की जरूरत है। इसके लिये बेहतर प्लान तैयार किया जाए।

बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल ने भी इस अवसर पर उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि नए ग्वालियर को ध्यान में रखकर यातायात प्लान में प्रावधान किए जाएँ।

### अगले 20 वर्षों को ध्यान में रखकर बन रहा है ग्वालियर के यातायात का प्लान

नेशनल अर्बन ट्रांसपोर्ट पॉलिसी के तहत आगामी 20 वर्षों को ध्यान में रखकर शहर का कम्प्रेहेन्सिव मोबिलिटी प्लान तैयार हो रहा है। इसमें बेहतर यातायात व्यवस्था कैसी हो, शहर की सड़कों के हिसाब से पब्लिक ट्रांसपोर्ट, सड़कों, फुटपाथों व चौराहों का विकास, बेहतर पार्किंग व्यवस्था सहित यातयात को सुदृढ़ बनाने के लिये तमाम प्रावधान किए गए हैं।

# महापौर डॉ सिकरवार ने निगम मुख्यालय में किया गणपति जी का पूजन



ग्वालियर। सिटी सेंटर स्थित नगर निगम के प्रशासनिक भवन में तृतीय गणेश चतुर्थी समारोह का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर आज तृतीय दिवस महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने विधि विधान से पूजन कर गणपति बप्पा की आराधना कर शहर विकास की कामना की। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से विजय बरुआ, विश्वनाथ मुसलगांवकर, अंकुर गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव, अरविंद शर्मा, अनुरोध यादव, राजेंद्र कोटिया, मनीष शिवहरे, विश्वनाथ गुर्जर, तरुण शर्मा और दीपक झा, धमेन्द्र भदौरिया सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शहर के पार्क, डिवाइडरों के पेड पौधों की कटाई-छंटाई कर किया जा रहा है सौंदर्यीकरण

ग्वालियर। साफ, सुंदर व स्वच्छ ग्वालियर के लिए नगर निगम के प्रत्येक विभाग द्वारा अपना अपना योगदान दिया जा रहा है तथा निगम के सभी अधिकारी व कर्मचारी निरंतर मॉनीटरिंग कर शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। निगम के पार्क विभाग द्वारा शहर के डिवाइडरों, चैराहों पर पौधे लगाकर निरंतर उनकी मॉनीटरिंग की जा रही है। शहर में पार्कों को एवं फुटपाथ व चैराहों को सुंदर व व्यवस्थित रखने के लिए निरंतर गाजर घास की कटाई एवं पेड़ पौधों को व्यवस्थित रखने के लिए कटाई छंटाई की की जा रही है। नोडल अधिकारी पार्क श्री रोहित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के मार्गदर्शन में पार्क विभाग के कर्मचारियों द्वारा निरंतर शहर के पार्कों, चैराहों, तिराहों एवं डिवाइडरों को हरा-भरा व आकर्षक बनाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं।

# छल कपट को छोड़ सरलता का भाव आ जाना ही आर्जव धर्म है: मुनिश्री



### सुबह अभिषेक कर पूजन में अर्घ्य समर्पित करें, शाम को आरती व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

ग्वालियर-छल-कपट मायाचारी से रहित धर्म ही उत्तम आर्जव धर्म है। किसी व्यक्ति का क्रोध एवं अहंकार का तो आसानी से पता चल जाता है, लेकिन मायाचारी किसी को दिखाई नहीं देती है। हम जैसे हैं, वैसे ही प्रस्तुत होना आर्जव धर्म है। जिसने आर्जव धर्म को समझ लिया, वह सबकुछ समझ गया। कपट को छोड़ सरलता का भाव आ जाना ही उत्तम आर्जव धर्म है। उक्त उद्गार पर्युषण पर्व के तीसरे दिन शुक्रवार को उत्तम आर्जव धर्म पर श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनामय बर्षयोग समिति, सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार के तत्वावधान में माधवगंज स्थित चतुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

मुनिश्री ने कहा कि छल कपट से मनुष्य का जीवन दुखमय हो जाता है। जीवन में सुख-शांति चाहने वाले प्राणी को सदैव जीवन को छल कपट, ईर्ष्या, द्वेष आदि विकारों से रहित रखना चाहिए। जो बात मन में है, उसे ही वचन द्वारा प्रकट करना आर्जव है और उसके विरुद्ध मायाचार है, अधर्म है। अपनी मन÷ स्थिति को व्यक्त करना शुभ है, मन की बात छिपाकर बनावटी बात मुंह से कहना अशुभ का संकेत माना गया है। धर्म में प्रवेश करने के लिए इस मायाचार से मुक्त होना आवश्यक है। मायाचारी अपने कपट व्यवहार को कितना ही छिपाए, देर-सबेर वह प्रकट होता ही है। आर्जव धर्म का ध्येय है कि सभी को सरल स्वभाव रखना चाहिए, मायाचारी त्यागना चाहिए। धर्म का शुभारंभ सौधर्म इंद्रा सिंघई विमल जैन पूजा जैन ने दीप प्रज्वलित व मुनिश्री को शास्त्र भेंटकर किया।

**रात्रि महिलाओ ने सामूहिक नृत्य, फैंसी ड्रेस में बच्चे, मुनिश्री, आर्यिकाश्री बनकर आए, देखकर तालियां गूंजी..।**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि शाम को जैन समाज के लोगो ने भगवान जिनेंद्र एवं मुनिराजों की दीपो से उतारी आरती।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478